Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 298 | गुरूवार, 30 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## इंडिया मैरीटाइम वीक में बोले पीएम मोदी

# 'वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत एक स्थिर प्रकाश स्तंभ की तरह'

**मुंबई।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में दिखाई दे रही उथल-पुथल के बीच भारत को एक स्थिर प्रकाश स्तंभ की भांति बताते हुए कहा है कि 21वीं सदी में भारत का समुद्री क्षेत्र बड़ी तेजी और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। वह आज मुंबई के गोरेगांव स्थित नेस्को ग्राउंड में इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में मैरीटाइम लीडर्स कान्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। बुधवार को इस कान्क्लेव में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने भारत के जीवंत लोकतंत्र एवं विश्वसनीयता को यह कहकर रेखांकित किया कि जब वैश्विक समुद्र अशांत होता है, तो दुनिया एक स्थिर प्रकाश स्तंभ की तलाश करती है। आज भारत उस भूमिका को मजबूती और स्थिरता के साथ निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसी कड़ी में वैश्विक तनावों, व्यापार व्यवधानों एवं दुनिया की बदलती आपूर्ति श्रृंखलाओं के बीच मोदी ने कहा कि भारत रणनीतिक स्वायत्तता, शांति एवं समावेशी विकास का प्रतीक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत की समुद्री और व्यापार पहल इस व्यापक दृष्टिकोण का अभिन्न अंग है। उन्होंने भारत के साथ मध्य-पूर्व आर्थिक गलियारे का उदाहरण देते हुए कहा कि यह गलियारा व्यापार मार्गों को पुनर्परिभाषित करेगा और स्वच्छ ऊर्जा एवं स्मार्ट लाजिस्टिक्स को बढ़ावा देगा। समावेशी समुद्री विकास पर भारत के फोकस पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह लक्ष्य केवल छोटे द्वीपीय विकासशील और अल्पविकसित देशों को प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाकर ही प्राप्त किया जा सकता है।

### जहाज निर्माण में 70,000 करोड़ का निवेश

जहाज निर्माण के क्षेत्र में की जा रही भारत की पहल की जानकारी देते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने बड़े जहाजों को बुनियादी ढाँचा परिसंपत्ति का दर्जा दिया है। यह एक ऐसा नीतिगत फैसला है जो सभी जहाज निमार्ताओं के लिए नए रास्ते खोलेगा। इससे नए वित्तपोषण विकल्प उपलब्ध होंगे, ब्याज लागत कम होगी और ऋण तक पहुँच आसान होगी। इस सुधार को गति देने के लिए प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि सरकार लगभग 70,000 करोड़ का निवेश करेगी। यह निवेश घरेलू क्षमता बढ़ाएगा, दीर्घकालिक वित्तपोषण को बढ़ावा देगा, ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड शिपयार्ड के विकास को समर्थन देगा, उन्नत समुद्री कौशल का निर्माण करेगा और युवाओं के लिए लाखों रोजगार पैदा करेगा।



## सार संक्षेप

### ड्रग माफियाओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में मौत का आंकड़ा 119 पहुंचा



**नई दिल्ली।**

ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में ड्रग तस्करों के खिलाफ हुई पुलिस कार्रवाई में 119 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने घटना पर गहरा दुख जताया, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने इसकी मानवाधिकार जांच की मांग की है। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में पुलिस द्वारा की गई बड़ी छापेमारी में अब तक 119 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। यह संख्या पहले बताए गए 64 मृतकों से लगभग दोगुनी है। यह कार्रवाई ड्रग तस्करों के गिरोह कोमांडो वर्मेल्हो को खत्म करने के उद्देश्य से की गई थी, जो रियो का सबसे ताकतवर आपराधिक संगठन माना जाता है। पुलिस ने बताया कि मारे गए लोगों में 115 संदिग्ध गैंग सदस्य और चार पुलिसकर्मी शामिल हैं। इस अभियान में करीब 2500 अधिकारी, बख्तरबंद वाहन, हेलीकॉप्टर और ड्रोन शामिल थे। कार्रवाई रियो के पेनहा कॉम्प्लेक्स और एलेमाओ कॉम्प्लेक्स के इलाकों में की गई।

### नागपुर में किसान आंदोलन से 30 किमी लंबा जाम लगा



**मुंबई।**

नागपुर में किसान आंदोलन के कारण नागपुर-वर्धा हाइवे पर 30 किमी. लंबा जाम लग गया। मुंबई उच्चन्यायालय की नागपुर खंडपीठ के आदेश एवं सरकार की ओर से भेजे गए दो मंत्रियों से चर्चा के बाद आंदोलनकारी गुरुवार को मुंबई आकर मुख्यमंत्री से चर्चा करने को तैयार हो गए हैं। लेकिन उनका आंदोलन हाइवे के बजाय मैदान में जारी रहेगा। यदि गुरुवार की बातचीत में उन्हें कर्जमाफी की कोई निश्चित तारीख न बताई गई, तो आंदोलन को और तेज करते हुए सड़क के साथ-साथ ट्रेनें भी रोक दी जाएंगी।

### कांग्रेस की सभा में बांग्लादेशी राष्ट्रगान गाने पर सख्त असम सरकार

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस की सभा में बांग्लादेशी राष्ट्रगान गाने के मामले पर सीएम हिमंत सख्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस नेताओं के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जिसके निर्देश पुलिस को दे दिए हैं। जिसके बाद मामला दर्ज किया गया है। असम के श्रीभूमि जिले में कांग्रेस सेवा दल की सभा में बांग्लादेश के राष्ट्रगान गाने के बाद अब पुलिस ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज कर लिया गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद असम सरकार सख्त नजर आ रही है। इस मामले में असम के मुख्यमंत्री का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का



राष्ट्रगान गाने पर श्रीभूमि जिले की कांग्रेस के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार (29 अक्तूबर) को कहा कि उन्होंने पुलिस को श्रीभूमि जिले के कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पार्टी की एक बैठक में बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाने पर देशद्रोह का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। जिसके बाद असम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## वॉशिंगटन में खालिस्तान समर्थकों की बैठक

**वाशिंगटन**

मॉल की तीसरी मंजिल पर एक हॉल में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से खालिस्तानी चरमपंथियों ने खुफिया बैठक की और आगामी महीनों में भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची। आशंका है कि यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से आतंकी वारदात की साजिशें हो सकती हैं। अमेरिकी राजधानी वॉशिंगटन डीसी के नेशनल मॉल में 4 अक्तूबर को सामान्य दिनों की तुलना में बहुत कुछ असामान्य हो रहा था, जिसका रोजमर्रा के कामों के लिए वहां आने जाने वालों को अहसास तक नहीं था।

मॉल की तीसरी मंजिल पर एक हॉल में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से खालिस्तानी चरमपंथियों ने खुफिया बैठक की और आगामी महीनों में भारत





विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची। आशंका है कि यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से आतंकी वारदात की साजिशें हो सकती हैं। खालिस्तानी चरमपंथियों ने इस बैठक का नाम मानवीय सहायता बैठक रखा था। बैठक में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन से खालिस्तान समर्थक जुटे और चरमपंथ के समर्थन में सहायता जुटाने की योजनाएं बनाईं। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, वाशिंगटन में अलग-अलग देशों से 78 चरमपंथी शामिल हुए। इनमें से कुछ ऐसे लोग भी थे जो बीते कुछ समय पहले ही पंजाब से विभिन्न देशों में लौटे थे।

### 'देश-विदेश की ताकतें विफल करना चाहती हैं चुनाव'

# यूनुस बोले: हसीना ने की लोकतंत्र बहाली की मांग

**बांग्लादेश।**

बांग्लादेश के अंतरिम सरकार प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने चेतावनी दी है कि देश-विदेश की ताकतें आगामी चुनाव विफल करने की कोशिश कर सकती हैं। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने लोकतंत्र बहाली की मांग की है। बांग्लादेश में आगामी आम चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने बुधवार को चेतावनी दी कि देश और विदेश की कई ताकतें चुनाव प्रक्रिया को विफल करने की कोशिश कर सकती हैं। यूनुस ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को चुनाव से बाहर रखने के फैसले के बाद कुछ शक्तिशाली समूह लोकतंत्र की बहाली की राह में बाधा डाल सकते हैं। यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम के अनुसार, एक उच्च स्तरीय बैठक में यूनुस ने कहा देश और विदेश की कई शक्तिशाली ताकतें चुनाव को बिगाड़ने की कोशिश करेंगी। अचानक हमलों की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के दौरान सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अक-जनित



यूनुस सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर अवामी लीग की गतिविधियां बंद कर दी हैं और पार्टी के कई नेताओं पर देशद्रोह और मानवाधिकार उल्लंघन के मुकदमे चल रहे हैं। चुनाव आयोग ने पार्टी का पंजीकरण निलंबित कर दिया है, जिससे वह आगामी चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएगी। ऐसे में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी अब चुनाव में प्रमुख दावेदार मानी जा रही है। ढाका में अवामी लीग समर्थक बीच-बीच में फ्लैश मार्च निकालते रहे हैं, जिन पर पुलिस ने कई बार कार्रवाई की है।

वीडियो और झूठे प्रचार अभियान चलाए जा सकते हैं, जिन पर तुरंत कार्रवाई की जरूरत है। यूनुस ने कहा कि आने वाला चुनाव कठिन और चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन देश को इन बाधाओं को पार करना होगा। इसी बीच बर्खास्त प्रधानमंत्री शेख हसीना ने विदेशी मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ही देश को स्थिरता की ओर ले जा सकते हैं। हसीना अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन से सत्ता से बेदखल होने के बाद से भारत में रह रही हैं। उन्होंने कहा लाखों लोग अवामी लीग के समर्थक हैं, उन्हें वोट से वंचित नहीं किया जा सकता। बिना हमारे शामिल हुए कोई भी सरकार वैध नहीं होगी।

### महज तीन लाख रुपये के लिए भाई ने ही कर दी बहन की हत्या

**गोरखपुर।** हत्या के बाद वह शव को बोरे में भरकर कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के गन्ने के खेत में फेंक आया। गुमशुदगी की सूचना मिलने के दो दिन बाद पुलिस ने बुधवार देर रात आरोपी भाई की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया। पुलिस आरोपी भाई से पूछताछ कर रही है। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रामपुर नयागांव में तीन लाख रुपये के विवाद में एक भाई ने अपनी ही बहन की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह शव को बोरे में भरकर कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के गन्ने के खेत में फेंक आया।

## वायु प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए एनडीएमसी ने दोगुना किया पार्किंग शुल्क, ग्रेप 2 के तहत उठाया कदम

**नई दिल्ली।**

यह कदम वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निदेशों और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के चरण-दो के तहत उठाया गया है। राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण पर काबू पाने के लिए नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ने बड़ा निर्णय लिया है। उसने नई दिल्ली इलाके में वाहनों की गतिविधियों को कम करने और लोगों को निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए पार्किंग शुल्क दोगुना करने की घोषणा की है। यह कदम वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निदेशों और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के चरण-दो के तहत उठाया गया है।



एनडीएमसी के अनुसार, आयोग की उप-समिति की 19 अक्तूबर को हुई बैठक में पाया गया कि शाम सात बजे तक राजधानी का एक्यूआई 302 दर्ज किया गया था और आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी की आशंका जताई गई थी। इसके बाद एनडीएमसी ने तत्काल प्रभाव से ग्रेप चरण-दो लागू करते हुए पार्किंग दरें बढ़ाने का निर्णय लिया। परिषद ने कहा है कि ग्रेप चरण-दो के निरस्त होने तक नई दिल्ली क्षेत्र में उसकी सभी ऑफ-स्ट्रीट और इनडोर पार्किंग स्थलों पर नई दरें लागू रहेंगी। अब चारपहिया वाहनों की पार्किंग फीस 20 से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति घंटा कर दी गई है, जबकि दुपहिया वाहनों की दर 10 से बढ़ाकर 20 रुपये प्रति घंटा की है।

## एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प साथ भाजपा करेगी पदयात्रा

**लखनऊ।**

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को जिले स्तर पर रन फार यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद भाजपा 10 नवंबर से विधान सभा स्तर पर पदयात्राओं की शुरूआत करेगी, जो एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएंगी। इन यात्राओं का उद्देश्य लौहपुरुष के योगदान से समाज को जोड़ना और राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाना है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने बुधवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान की समीक्षा बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्र की एकता, दृढ़ संकल्प और त्याग का प्रतीक है। भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि यह संस्कार, सेवा और समर्पण का आंदोलन है। रन फार यूनिटी में खिलाड़ी, किसान, शिक्षक, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, मजदूर, उद्यमी, युवा और महिलाएं सभी वर्गों की भागीदारी रहेगी। पदयात्राएं आठ किलोमीटर की होंगी, जिनमें चार पड़ाव रखे जाएंगे। हर पड़ाव पर सभा और अंत में बड़ी जनसभा आयोजित होगी। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सरदार पटेल के व्यक्तित्व और उनके विचारों का मंचन किया जाएगा।

**31 अक्टूबर को रन फार यूनिटी से होगी शुरूआत**



## संपादक की कलम से

# संवैधानिक आरक्षण लांघते हुए

इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ (1992) सर्वोच्च अदालत का ऐसा ऐतिहासिक फैसला था, जिसे 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सुनाया था। फैसला बहुमत से लिया गया था, लेकिन उसका प्रभाव सामूहिक था। उसे मंडल आयोग मामला भी कहा जाता है। फैसले में सरकारी नौकरियों और शिक्षा में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण की वैधता को बरकरार रखा गया था, लेकिन कुछ


ललित शर्मा
संपादक

और महत्वपूर्ण फैसले भी सुनाए गए। मसलन– आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी होगी। क्रीमी लेयर (अमीर ओबीसी सदस्यों) को आरक्षण से बाहर करना और पदोन्नति में आरक्षण को हटाना। पदोन्नति में आरक्षण को असंवैधानिक करार दिया गया, जिसका अर्थ है कि आरक्षण केवल शुरूआती नियुक्ति के चरणों में ही लागू हो सकता है। दरअसल बहुमत के उस फैसले ने भारत में आरक्षण नीति को आकार दिया, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ उस ऐतिहासिक फैसले को लांघने का प्रयास करते रहे हैं। आरक्षण की परिभाषा खंडित करके उसे अपने अनुसार बनाया जा रहा है। ताजातरीन मामला बिहार में तेजस्वी का प्रण का है। यह विपक्षी गठबंधन का चुनावी घोषणा–पत्र है। उसमें 25 प्रण किए गए हैं, जिनके आधार पर जनादेश मांगा जा रहा है। उनमें एक प्रण यह भी है कि आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को बढ़ाने का कानून बनाएंगे और उसे 9वीं अनुसूची में दर्ज कराने की कोशिशें करेंगे। यह एक ऐसा चुनावी वायदा है, जो राज्य स्तर के चुनाव में नहीं किया जा सकता। बेशक विधानसभा में, बहुमत के आधार पर, आरक्षण की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया जा सकता है। बिहार में ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद के साथ गठबंधन सरकार के दौरान जातीय सर्वेक्षण कराया था। जातीय जनगणना केंद्र सरकार का विशेषाधिकार है। उस सर्वेक्षण के बाद आरक्षण की सीमा 65 फीसदी तक बढ़ाने का प्रस्ताव विधानसभा में पारित किया गया था, लेकिन वह लागू नहीं हो सका, क्योंकि मामला अब भी सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। पटना उच्च न्यायालय ने जून, 2024 में इसे असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया था। सर्वोच्च अदालत ने न तो उच्च अदालत के फैसले पर रोक लगाई और न ही पलटी मारने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केंद्र की मोदी सरकार से आरक्षण की इस सीमा को 9वीं अनुसूची में डलवा पाए। संविधान की 9वीं अनुसूची में कुल 284 अधिनियम हैं। पहली बार इस अनुसूची को संविधान के सर्वप्रथम संशोधन अधिनियम, 1951 द्वारा 13 कानूनों के साथ, संविधान में जोड़ा गया था। किसी भी कानून को 9वीं अनुसूची में रखने से उसकी न्यायिक समीक्षा नहीं की जा सकती, लिहाजा उसे अदालत में रद्द भी नहीं किया जा सकता। तमिलनाडु में 69 फीसदी आरक्षण लागू है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भी 10 फीसदी आरक्षण है। कुल 79 फीसदी आरक्षण का कानून 9वीं अनुसूची में दर्ज किया गया है। झारखंड विधानसभा में 77 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव 11 नवंबर, 2022 को पारित किया गया था, लेकिन साथ में यह भी कहा गया था कि संवैधानिक रूप से स्वीकृति मिलने के बाद ही उसे लागू किया जाएगा। सर्वोच्च अदालत में फिलहाल विचाराधीन है। ऐसे ही प्रयास तेलंगाना, कर्नाटक, हरियाणा और छत्तीसगढ़ में भी किए गए, बेशक वोट भी मिले, लेकिन सभी सियासी बयानबाजी साबित हुए। बुनियादी अड़चन 9वीं अनुसूची है।

मोनिका डागा

## गोपाष्टमी

कविता



कार्तिक शुक्ल पक्ष शुभ अष्टमी तिथि आई,
गोचरण को प्रथम बारी चले हैं श्री कन्हाई,
सखियॉ गावै मंगलाचार यशुमति है हर्षाई,
नंदभवन में उत्सव भयो सबन को बधाई ।

अति ही प्यारी मदनमोहन को गैया माई,
कन्हैया कहाएं गोपाल गोसेवा सुखदाई,
लीला बाल कृष्ण की धूम सकल मचाई,
गोपाषटमी तिथि शुभ समृद्धि फलदाई ।

गौ से मिले पंचगव्य सोमरस दूध मलाई,
गैया की करो रक्षा जगत माता ये कहाई,
गोसेवा है संचित कर्म बंधन मुक्ति प्रदाई,
गौसेवा से बड़ा पुण्य और दूजा नही भाई ।

पवित्र हैं गंगा गीता गायत्री गौरी गौमाई,
गिरिराज गोवर्धन गोविंद और गुंसाई,
तैतिस कोटि देव देवी एक गऊ पूजाई,
श्रद्धा भक्ति समर्पण ₹आनंद₹ उपजाई ।

गोरज तिलक भाल श्रेष्ठतम फलदाई,
गो सेवा ही जीवन की असली कमाई,
गौ को न हो कहीं कोई कष्ट कठिनाई,
संरक्षित हो गोधन जीवन की कमाई ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## विश्व शहर दिवस- 31 अक्टूबर 2025

# शहर जहां सौन्दर्य, संभावनाएं एवं संवेदनाएं बिछी हो


ललित गर्ग



विश्व शहर दिवस हर साल 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शहरीकरण में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की रुचि बढ़ाना, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने में देशों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना और सतत विश्व नगर योजना को अधिक मानवीय, अपराधमुक्त एवं पर्यावरण संपोषक बनाना है। यह दिवस पहली बार 2014 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य शहरीकरण के रुझानों, चुनौतियों और सतत शहरी विकास के दृष्टिकोण के बारे में अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाना, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और समतामूलक, समृद्ध, टिकाऊ और समावेशी शहरों के निर्माण के वैश्विक प्रयासों में योगदान देना है जो अपने समुदायों को बेहतर रहने का वातावरण और जीवन की गुणवत्ता प्रदान करते हैं। इस वर्ष विश्व शहर दिवस का वैश्विक आयोजन कोलंबिया के बोगोटा में जन-केंद्रित स्मार्ट सिटीज थीम पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर यह प्रदर्शित किया जाएगा कि डेटा-आधारित निर्णय लेने, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग शहरी जीवन को बेहतर बनाने और वर्तमान झटकों व संकटों से उबरने के लिए कैसे किया जा सकता है। इस अवसर पर जन-केंद्रित स्मार्ट सिटी पहलों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। निश्चित ही शहर उस उम्मीद का माध्यम बने, जहां सौन्दर्य एवं संवेदनाएं अनेक रूपों में बिछी हो, जहां कुछ नया और कुछ पुराना, पर सब मनमोहक हो। इस वर्ष का विषय इस बढ़ती मान्यता को दशार्ता है कि डिजिटल तकनीकों की परिवर्तनकारी शक्ति वैश्विक स्तर पर शहरी जीवन को नया रूप दे रही है और शहरों और मानव बस्तियों के डिजाइन, नियोजन, प्रबंधन और संचालन के तरीकों को बेहतर बनाने के लिए व्यापक अवसर प्रदान कर रही है। अभिनव विकास, जनोन्मुखी स्मार्ट शहर का निर्माण केन्द्रित थीम शहरी और डिजिटल दोनों तरह के बदलावों से चिह्नित इस युग में, शहर निवासियों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने और महत्वपूर्ण शहरी चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए डिजिटल तकनीकी समाधानों और डेटा को तेजी से अपनाने पर बल देती हैं। ह्लसशक्त समुदाय, समृद्ध शहर को बल देते हुए यह दिवस समुदायों को जागरूक, सहयोगी और आत्मनिर्भर करने की पहल है ताकि शहर वास्तव में विकसित, संस्कृतिमय और समृद्ध बन सके। आज जब पूरी दुनिया तीव्र गति से शहरीकरण की ओर बढ़ रही है, तब यह दिवस आत्ममंथन का अवसर बन गया है कि क्या हमारे शहर केवल कंक्रीट की इमारतों और चकाचौंध का विस्तार बन रहे हैं या उनमें मानवीय संवेदनाओं, संस्कृति, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक समरसता का पोषण भी हो रहा है। भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत, विकसित भारत को विकसित करते हुए शहरीकरण का एक नया मॉडल प्रस्तुत हुआ है, जिसने शहरों के विकास को केवल भौतिक संरचनाओं तक सीमित न रखकर जीवन मूल्यों और नागरिक सहभागिता से जोड़ा है। अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वस्थ भारत मिशन, स्मार्ट शहर योजना और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने शहरों के ढांचे में नई चेतना का संचार किया है। इन योजनाओं ने यह साबित किया है कि जब सरकार की नीतियों में जनता की भागीदारी और पारदर्शिता जुड़ती है तो विकास केवल आंकड़ों में नहीं, व्यवहार में भी दिखने लगता है। शहरीकरण का अर्थ केवल ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़के और चमकदार बाजार नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत सामाजिक प्रक्रिया है जिसमें जीवन स्तर, विचार और व्यवहार की गुणवत्ता निहित होती है। शहरों ने मनुष्य को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा दी है, लेकिन इसी के साथ प्रदूषण, भीड़, तनाव, अपराध, असमानता और मानवीय रिश्तों की दूरी भी दी है। हर बड़ा शहर आज सांस लेने के लिए हवा, पीने के लिए स्वच्छ पानी और जीने के लिए शांति तरस रहा है। विकास के नाम पर प्रकृति का ह्रास हो रहा है और भौतिक प्रगति के साथ मानसिक थकान बढ़ रही है। भारत के प्राचीन नगर जैसे काशी, उज्जैन, पुष्कर, मथुरा और अयोध्या केवल व्यापारिक या राजनीतिक केंद्र नहीं थे, वे संस्कृति, अध्यात्म और सह-अस्तित्व की जीवंत प्रयोगशालाएं थे। वहां नगर का अर्थ केवल रहने की जगह नहीं, जीने की कला था। आज के नगर यदि इन मूल्यों को फिर से अपनाएं तो वे केवल आधुनिक ही नहीं, मानवीय भी बन सकते हैं। पश्चिम के देशों में शहरीकरण तकनीकी दक्षता और सुविधाओं की दृष्टि से आगे है, पर वहां मानवीय ऊष्मा और आत्मीयता का अभाव है। भारत यदि अपने शहरीकरण में मानवता, पर्यावरण और संस्कृति का संगम बनाए रखे तो वह पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। शहर तब सचमुच जीवंत बनेंगे जब उनमें रहने वाले लोग पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, सामाजिक रूप से जागरूक और मानवीय दृष्टि से समर्पित होंगे। प्रदूषण को रोकना, हरियाली बढ़ाना, स्वच्छता को जीवनचर्या बनाना, झुग्गी बस्तियों को सम्मानजनक आवास देना, जनसहभागिता और नागरिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना ही वास्तविक शहरीकरण का मार्ग है।

भारत के शहर आज तेजी से बदल रहे हैं। मेट्रो, ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कों और चमकदार मॉलों ने इनका नया चेहरा गढ़ दिया है। यह परिवर्तन विकास की चमक दिखाता है, पर इसके भीतर एक गहरी पीड़ा भी छिपी है, कहीं न कहीं शहरों की आत्मा, उनकी पहचान, उनकी गर्माहट खोती जा रही है। जो गलियां कभी अपनत्व और रिश्तों की खुशबू से महकती थीं, वे अब भागदौड़, भीड़ और उदासीनता का प्रतीक बन गई हैं। स्वतंत्रता के बाद भारत ने आधुनिकता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए, पर इस भौतिक विकास की दौड़ में मानवीय संवेदनाएं और सामाजिक संबंध पीछे छूट गए। शहरों का विस्तार अब मनुष्य की जरूरतों के बजाय बाजार की मांगों के अनुसार हो रहा है। नई कॉलोनियाँ और ऊँची इमारतें पुराने मोहल्लों की जगह ले रही हैं, पर उनके भीतर वह आत्मीयता एवं संवेदनशीलता नहीं जो कभी लोगों के दिलों को जोड़ती थी। शहर अब केवल रहने की जगह नहीं रहे, वे उपभोक्तावाद और प्रतिस्पर्धा के केंद्र बन गए हैं। आधुनिकता ने सुविधा तो दी है, पर उसने संस्कृति, इतिहास और परंपरा के रंग फीके कर दिए हैं। स्मृतियों के जिन चौकों पर कभी संवाद और संवेदना का संसार बसता था, वहाँ अब केवल मशीनों की आवाजें और जल्दबाजी का शोर है। नई पीढ़ी के लिए शहर अब केवल रोजगार, ग्लैमर और अवसर का माध्यम हैं। उसमें अपने शहर की आत्मा को समझने का भाव कम होता जा रहा है। यह सवाल अब और गहराता जा रहा है कि क्या विकास का अर्थ केवल ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कें और मॉल हैं, या फिर उसमें मानवीय रिश्तों की ऊष्मा, संस्कृति और इतिहास का जीवंत अहसास भी शामिल होना चाहिए? आज के शहर चमकते तो हैं, पर भीतर से कहीं खाली हैं। उनमें सुविधाएँ हैं पर सुकून नहीं, रफ्तार है पर रूह की स्थिरता नहीं।

यह समय हमें सोचने पर विवश करता है कि क्या हम ऐसे शहर बना रहे हैं जहाँ मनुष्य के लिए जगह बची रहे, जहाँ इतिहास और संवेदना साथ-साथ सांस ले सकें। असली विकास वही होगा जहाँ शहरों का विस्तार हो, पर इंसानियत की जड़ें भी उतनी ही गहरी बनी रहें। विश्व शहर दिवस का संदेश यही है कि शहर केवल दीवारों और सड़कों का जाल नहीं, बल्कि जीवन की एक संस्कृति हैं। जब शहर में रहने वाला नागरिक अपने भीतर संवेदनशीलता, सादगी और सामाजिक उत्तरदायित्व को जाग्रत रखता है, तभी वह शहर वास्तव में सुंदर बनता है। शहर की सुंदरता उसकी इमारतों में नहीं, बल्कि वहां रहने वाले मनुष्यों के विचारों, व्यवहारों और संवेदनाओं में बसती है। जब समुदाय सशक्त होंगे, तब ही शहर समृद्ध होंगे, और जब शहर समृद्ध होंगे, तब ही मानवता सचमुच प्रगतिशील होगी।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025: अस्थिर गठबंधन और युवा बनाम अनुभवी नेतृत्व की जंग




एनडीए गठबंधन विकास और सुशासन के पुराने एजेंडे पर भरोसा कर रहा है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय चेहरा एक बड़ा फैक्टर है। हालांकि, नीतीश कुमार के दल-बदल से उपजी विश्वसनीयता का संकट एनडीए के लिए एक चुनौती है। बिहार का 2025 विधानसभा चुनाव राजनीतिक अस्थिरता, नए सिरे से बने गठबंधनों, और युवा बनाम अनुभवी नेतृत्व के बीच सीधे मुकाबले के कारण भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ बन चुका है। यह चुनाव न केवल राज्य के शासन की दिशा तय करेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। इस बार का चुनावी परिदृश्य पिछले चुनावों से कई मायनों में अलग है, खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बार-बार पाला बदलने ने इस जंग को और भी दिलचस्प बना दिया है। यह चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राजनैतिक भविष्य भी तै करेगा। बिहार की राजनीति हमेशा से ही गठबंधनों के टूटने और बनने के लिए जानी जाती है, लेकिन 2025 के चुनाव से पहले का घटनाक्रम अभूतपूर्व रहा। जनवरी 2024 में, जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेतृत्व वाले महागठबंधन को छोड़कर नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ मिलकर सरकार बनाई। इस बार एनडीए में प्रमुख रूप से बीजेपी, जदयू और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (एचएएम) शामिल हैं। एनडीए गठबंधन विकास और सुशासन के पुराने एजेंडे पर भरोसा कर रहा है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय चेहरा एक बड़ा फैक्टर है। हालांकि, नीतीश कुमार के दल-बदल से उपजी विश्वसनीयता का संकट एनडीए के लिए एक चुनौती है। सीट बंटवारे को लेकर कुछ छोटे सहयोगियों में असंतोष की खबरें और मगध जैसे कुछ क्षेत्रों में पिछले चुनाव में एनडीए का कमजोर प्रदर्शन इस गठबंधन के लिए चिंता का विषय है। नीतीश कुमार के एनडीए में लौटने के बाद, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के युवा नेता तेजस्वी यादव महागठबंधन के एकमात्र और निर्विवाद नेता बन गए हैं। इस गठबंधन में आरजेडी, कांग्रेस, और वाम दल (उढक, उढक-टछ) शामिल हैं। महागठबंधन का मुख्य फोकस तेजस्वी यादव के 'रोजगार और विकास' के वादे पर है। तेजस्वी, अपने पिता लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के आधार को आर्थिक न्याय के साथ जोड़कर एक नया राजनीतिक विमर्श बनाने की कोशिश कर रहे हैं। तेजस्वी यादव खुद को परिवर्तनकारी नेता के रूप में पेश कर रहे हैं, जो 'डबल इंजन' सरकार की कथित विफलता और पुराने जंगलराज के आरोपों का मुकाबला 'युवा और विजनरी' नेता की छवि से कर रहे हैं। बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा से ही निर्णायक रहे हैं।

इस चुनाव में भी '4 उ' (कास्ट, कैंडिडेट, कैश और कोऑर्डिनेशन) फैक्टर महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। जीतन राम मांझी (ऌअट) और मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (श्कढ) जैसे छोटे क्षेत्रीय दल, जो क्रमशः मुसहर और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (एइउ) के मतदाताओं पर प्रभाव रखते हैं, निर्णायक साबित हो सकते हैं। श्कढ, जो अब महागठबंधन में है, मिथिलांचल क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ के कारण गठबंधन को मजबूती दे सकता है। यादव-मुस्लिम (ट) समीकरण फखऊ का पारंपरिक आधार है, जबकि ठऊअ कुर्मी-कोइरी के साथ मिलकर अगड़ी जातियों और दलितों के एक हिस्से को साधने की कोशिश कर रहा है। यह चुनाव केवल गठबंधन की राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनहित के मुद्दों पर भी लड़ा जा रहा है। तेजस्वी यादव ने 10 लाख सरकारी नौकरियों का अपना पुराना वादा दोहराया है, जो राज्य के युवा मतदाताओं के बीच एक बड़ा चुनावी मुद्दा है। एनडीए 'जंगलराज' के आरोपों को फिर से हवा दे रहा है, लेकिन तेजस्वी यादव ने इस बार इसे 'डबल जंगलराज' कहकर पलटवार किया है। वे मौजूदा ठऊअ सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया है। दोनों गठबंधन राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास पर अपने-अपने दावों के साथ मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। शुरूआती सर्वे (2025 की शुरूआत में) ठऊअ को बढ़त दिखाते रहे हैं, लेकिन तेजस्वी की ताबड़तोड़ रैलियों और महागठबंधन के जमीनी प्रचार ने मुकाबला काँटे की टक्कर में बदल दिया है। बिहार का चुनावी परिणाम बहुत हद तक काँटे की टक्कर में फंसा हुआ दिखता है, जहाँ जीत-हार का फैसला कुछ ही सौ वोटों के अंतर से हो सकता है (जैसा कि 2020 में हिल्सा जैसी सीटों पर हुआ था)।

# किसान नेता चौ. बिजेंद्र सिंह कलकल ने फीता काटकर किया सिल्ट सफाई कार्य का शुभारम्भ

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**अफजलगढ।** अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन रबी 1433 फसली में रसूलपुर रजवाह पर सिल्ट सफाई कार्य का किसान नेता चौ. बिजेंद्र सिंह कलकल द्वारा फीता काटकर विधि-विधान पूर्वक शुभारम्भ किया गया।

चौधरी बिजेंद्र सिंह ने सभी क्षेत्रीय कृषकों से नहरों की सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग कार्य में सिंचाई विभाग का सहयोग करने का आवाह्न किया तथा विभागीय अधिकारियों से निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराकर गेहूं की बुबाई से पूर्व पलेवा हेतु नहरों में जलापूर्ति कराने का अनुरोध किया। इस दौरान शिवसेना जिलाध्यक्ष चौधरी संजय राणा, सरदार कुलदीप सिंह, महेंद्र सिंह सिरोही, मनवीर सिंह यादव, अनिल फोगाट, नि.व.अध्यक्ष गन्ना समिति अनिल राठी, सरदार कुलजीत सिंह, भारतीय किसान यूनियन के मिडिया प्रभारी दीपक सिरोही, ओमप्रकाश धनकड़, सचिन मसंद, सपा नेता अतुल शर्मा, रामभज सिंह, विपिन कलकल, संजू यादव, इन्द्रपाल यादव, बलराम सिंह राठी, आदर्श सिंह, सुभाष नैन, विजय यादव, ठेकेदार राजेन्द्र सिंह, विभागीय जूनियर इंजीनियर एवं कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# सहस्रबाहु जयंती पर दीपोत्सव एवं छप्पन भोग का प्रसाद भगवान सहस्रबाहु को किया गया अर्पित



वेलकम इंडिया

**झाँसी!** सहस्त्रबाहु जयंती के शुभ अवसर पर दीपोत्सव एवं छप्पन भोग का प्रसाद भगवान सहस्त्रबाहु को अर्पित किया गया. कलचुरी कलवार समाज के तत्वावधान में राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती जिला कारागार के पास सहस्त्रबाहु चौराहा पर बड़ी धूमधाम से मनाई गई इस मौके पर 251 दीपक जलाकर आरती की गई. बाल मुकुंद राय के मुख्य आतिथ्य में बीरेंद्र राय बसेरा ग्रुप,

चंद्र भान राय, जुगलकिशोर शिवहरे ने पूजन अर्चन किया वीरेंद्र राय ने अपने उद्बोधन में सहस्त्रबाहु चौराहा बनवाने का संकल्प लिया .विष्णु राय पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने समाज के एक जुट होने पर जोर दिया.नितेन्द्र राय फौजी ने 51 कन्याओं के विवाह का संकल्प लिया . इस मौके पर रवि राय, अमित राय, उमाशंकर राय, पूर्व पार्षद अमन राय. श्रीराम राय, जगमोहन, महाजन रास बिहारी राय. एवं कलचुरी महिला सभा से वर्षा राय मीनू चौकसे हेमा राय शारदा शिव हरे ने छप्पन भोग अर्पित किया. संचालन डॉ केश गुप्ता ने एवं आभार बाल मुकुंद राय. बाल किशन राय ने विशेष सहयोग किया.कार्यक्रम मे महिला सभा का विशेष सहयोग रहा.

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



आगरा में-आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह जी अध्यक्षता में आज मंगलवार को मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक मण्डल में कुल 62 प्रतिशत मार्जिन मनी की स्वीकृति प्रदान की गयी। सबसे कम प्रगति फिरोजाबाद की रही जबकि स्वीकृति के सापेक्ष आगरा और फिरोजाबाद में सबसे कम वितरण प्रगति रही। आयुक्त महोदय ने प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं ओडीओपी वित्त पोषण में वर्तमान वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 63 प्रतिशत की मार्जिन मनी स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। निर्देश दिए कि मथुरा में स्वीकृति और आगरा व फिरोजाबाद में वितरण में प्रगति बढ़ाई जाए। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में मथुरा और फिरोजाबाद में प्रगति बढ़ाये जाने हेतु प्रयास किए जाएं। वहीं मैनपुरी में स्वीकृति के सापेक्ष वितरण में प्रगति नहीं होने पर बैंकर्स के साथ बैठक कर प्रगति में सुधार लाया जाए। एमओयू प्रस्तावित निवेश उपलब्धि के संबंध में अवगत कराया गया कि लगभग 462 एमओयू जीबीसी के लिए तैयार हैं। विभागीय स्तर पर प्रत्येक समस्या का समाधान कराते हुए एमओयू की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। तत्पश्चात मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की विगत बैठक के अनुपालन एवं वर्तमान स्थिति की मंडलायुक्त महोदय द्वारा समीक्षा की गई। औद्योगिक क्षेत्र सिकंदरा में ही पूर्व निर्मित स्टोर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम में जल निकासी की समस्या के संबंध में अपर नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया कि एडीए द्वारा नाले के निर्माण हेतु बनायी गयी 80 करोड़ की परियोजना से जलभराव की समस्या का निदान हो जाएगा। परियोजना शासन स्तर से स्वीकृति होनी है। आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि परियोजना स्वीकृति के अलावा एडीए द्वारा अन्य सभी आवश्यक कार्यवाही कर ली जाए ताकि बजट जारी होते ही नाला निर्माण का कार्य शुरू हो जाए। फाउण्ड्री नगर में पार्क हेतु छोड़ी गयी जमीन पर सौन्दर्यीकरण कार्य कराए जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि फाइनेसिंयल बिड खोले जाने की स्वीकृति हेतु यूपीसीडा मुख्यालय कानपुर भेजा गया है। निवेश मित्र पोर्टल के अन्तर्गत लंम्बित प्रकरणों की समीक्षा की गयी। आगरा में 9, फिरोजाबाद में 2 और मथुरा में 2 ऐसे प्रकरण हैं जो निर्धारित समय उपरांत लंबित हैं। मण्डलायुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए और जो प्रकरण पोर्टल पर अपडेट नहीं किए गये उन्हें अपडेट किया जाए।

# नवागत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** जनपद के नवागत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संयुक्त कार्यालय, शस्त्र अनुभाग, राजस्व अभिलेखागार, कंट्रोल रूम, चकबंदी कार्यालय सहित विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों के रख-रखाव, कार्यालयों की स्वच्छता व्यवस्था तथा कार्य निष्पादन की प्रक्रिया का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक अनुभाग में उपस्थित कार्मिकों से कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही की भावना को और सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालयों में समय से उपस्थित रहें, जनसुनवाई से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं जनसुलभ बनाए रखने के लिए मॉनीटरिंग की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़ी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक अधिकारी अपने कार्य में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और पूर्णनिष्ठा बनाए रखें।

# लोकनृत्य में राइका वज्यूला व भाषण में करुणा ने मारी बाजी




वेलकम इंडिया

**गरुड़।** रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण के साथ एक दिवसीय खंड स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न हो गया है।इससे पूर्व शुभारंभ करते हुए दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव गांवों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने में सहायक सिद्ध होते हैं।विकासखंड मुख्यालय में आयोजित युवा महोत्सव के लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता में राइका वज्यूला प्रथम, लोक गीत समूह में राइका गरुड़, भाषण में करुणा तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख किशन बोरा ने कहा कि युवाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे आना चाहिए। विजेता प्रतिभागियों को बीडीओ बीबी जोशी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र कोहली ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संचालन नारायण सिंह किरमोलिया ने किया।इस दौरान कैलाश चंद्र जोशी, मनोज जोशी, चंदन गिरी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।इस दौरान क्षेपंस लक्ष्मण कुमार, ग्राम प्रधान त्रिलोक बुटौला, विजय गिरी, ब्लाक कमांडर राजेंद्र पांडे, भगवांन सिंह, नवीन चंद्र, बोधन गिरी, जीवन लाल, दीपा मेहरा आदि मौजूद थे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने नगर मजिस्ट्रेट द्वारा मंडी समिति में हो रही अनियमिताओं को लेकर एक ज्ञापन दिया



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने तिलक नगर कॉलोनी कार्यालय पर व्यापारियों के साथ बैठक की और उसके बाद नगर मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा मंडी समिति में हो रही अनियमिताओं को लेकर एक ज्ञापन दिया इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा की सब्जी मंडी व्यापारी होरी लाल की सब्जी आढत से आठ कटटे आलू चोरी कर लिए गए हैं साथी एक माह पहले जयपाल सैनी की चाय कैंटीन से चोरी कर ली गई है इससे पूर्व में भी लगभग 20 बार मंडी समिति कैंटीन में चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है जिस पर चोरों का खुलासा किया जाना आवश्यक था लेकिन अभी तक नहीं हुआ है साथ ही सब्जी मंडी के नीलामी चबूतरे पर मंडी समिति द्वारा जबरन तानाशाही कर मनमानी तरीके से धन क्रय केंद्र खोलकर खुला हुआ धान व धान के कट्टे सड़क पर खुलेआम डालकर सड़क पर ही अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है धन क्रय केंद्र पर खुलेआम पंखा लगाकर जमकर धूल सब्जी व्यापारियों पर डालकर व्यापारियों की सब्जी बर्बाद की जा रही है साथी व्यापारियों को जमकर उड़ाई जा रही धूल से व्यापारियों को सांस लेना दुश्वार हो गया है जिससे व्यापारियों का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है साथी कहा की चोरियो का खुलासा होना व मंडी सब्जी मंडी में चबूतरा धन क्रय केंद्र के अंदर हटवाना अति आवश्यक है इस अवसर पर नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, मंडी समिति संरक्षक नूर अहमद,शाहिद खुसरो, शराफत खान, होरीलाल ,लालमन सैनी ,सरदार मंजीत सिंह सिंपल, मोहम्मद परवेज, सरदार रविंद्र सिंह टोनी ,अरविंद गुप्ता ,पप्पू खान आदि पदाधिकारी व व्यापारी साथी मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में नवागत जिलाधिकारी ने सुनीं आमजन की समस्यायें

वेलकम इंडिया




**रामपुर।** नवागत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दर्शन के दौरान जनसामान्य की समस्याओं/शिकायतों को सुना। उन्होंने शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने सभी अधिकारियों को जनता दर्शन में प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेने और प्रतिदिन जनसुनवाई करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली आमजन की शिकायतों/समस्याओं के संज्ञान में आते ही उन पर त्वरित कार्यवाही की जाए साथ ही शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप विकासपरक कार्यक्रमों, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व संबंधी सभी कार्य जनहित को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध तरीके से पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ किए जाएं।

# जनपद में शुरू हुआ विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान

वेलकम इंडिया



**आगरा।** मैं- जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के द्वितीय चरण में देश के 12 राज्यों में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कराने का निर्णय लिया है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश भी शामिल है। यह पुनरीक्षण आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा-निदेर्शों और समय-सारणी के अनुसार आयोजित किया जायेगा। इस विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हों। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में इसके पहले विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था। लगभग 22 वर्ष के अंतराल के बाद पुनः भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण की प्रक्रिया जा रही है। तदक्रम में जनपद में मतदाता सूची को शुद्ध व समावेशी बनाने के लिए विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण (रकफ) का कार्य आज 28 अक्टूबर, 2025 दिन मंगलवार से प्रारंभ है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर, 2025 तक विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण (रकफ) से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण किया जायेगा। 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक गणना अवधि,बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किया जायेगा एवं प्रपत्रों को भरवाकर प्राप्त किया जायेगा।

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**बिजनौर :** ब्लॉक कोतवाली की न्याय पंचायत रोशनपुर प्रताप की वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन संविलियन विद्यालय शेर नगर नरेनी में हुआ। जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान सोनी कुमारी व नोडल शिक्षक संकुल लोकेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया तथा इसके बाद मां सरस्वती जी की वंदना हुई व बच्चों का मार्च पास्ट पीटीआई संजीव कुमार के निर्देशन में किया गया

खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक संकुल राशि शर्मा व सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से किया खेल प्रतियोगिता में 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में मो. अजीम प्रथम स्थान, प्रा. वि. हकीकतपुर सहसु व बालिका वर्ग में यशोदा प्रथम स्थान क. वि. शेखपुरा तुर्क ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जूनियर स्तर की 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सुधीर प्रथम स्थान, कं. स्कूल जगन्नाथपुर व बालिका वर्ग में फोजिया प्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय स्यालू नांगला ने स्थान प्राप्त किया व जूनियर स्तर की ऊंची कूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग में आयान प्रथम स्थान, जूनियर हाई स्कूल करौंदा चौधर में बालिका वर्ग में सोहेला कं. स्कूल शेखपुरा तुर्क ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि मगन सिंह व लोकेश कुमार ने बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत किया। खेल प्रतियोगिता संजीव कुमार, पीटीआई व समस्त शिक्षक राशि शर्मा, सुनील कुमार, प्रभाकर, मीनाक्षी चौधरी, शीतल चौधरी की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अरुण कुमार व न्याय पंचायत के समस्त शिक्षकको, शिक्षिकाओं शिक्षामित्रो, अनुदेशकों का पूर्ण सहयोग रहा।

# व्यसनमुक्त समाज में ही मिलती है सुख व शांति : कांडपाल

**गरुड़।** प्रसिद्ध कोट भ्रामरी मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा जारी है। कथा सुनने दूरदराज क्षेत्रों से प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा वाचन करते हुए व्यास पंडित रविशंकर कांडपाल ने कहा कि व्यसनमुक्त समाज में ही सुख और शांति की अनुभूति होती है। कथा के दौरान भजन कीर्तनों से क्षेत्र में भक्ति की रसधार बह रही है।

कथा प्रवचन के दौरान व्यास पं. रविशंकर कांडपाल ने कहा कि वर्तमान परिवेश में अपने निजी सुख के लिए हम जिन कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं, उनका दूरगामी प्रभाव काफी हानिकारक हो सकता है। उन्होंने सात्विक तौर तरीकों पर जोर देते हुए कहा कि व्यसनों से मनुष्य पतन की ओर चला जाता है।

# जिलाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पुनरीक्षण की दी जानकारी

वेलकम इंडिया




**अमेठी।** जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के तहत निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने आज तहसील गौरीगंज स्थित एनआईसी में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।

इस दौरान बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को संचालित करने का निर्णय लिया है। इस पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना और नाम, पता, आयु व अन्य प्रविष्टियों में त्रुटियों का संशोधन करना है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का एक प्रमुख उद्देश्य राजनैतिक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है ताकि पुनरीक्षण कार्य पारदर्शी और व्यापक रूप से संपन्न हो सके ।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 अक्टूबर से 03 नवंबर 2025 तक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण कार्य किए जाएंगे। 04 नवंबर से 04 दिसंबर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का उपलब्ध करायेगें। 09 दिसंबर 2025 को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन कराया जायेगा। 09 दिसंबर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि रहेगी। 09 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि निर्धारित है। 07 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रत्येक मतदाता के घर पर पहुंचकर गणना फार्म उपलब्ध कराएगा। इस गणना फार्म को मतदाता को भरकर जल्द से जल्द साक्ष्यों के साथ वापस देना होगा। इनके सत्यापन के बाद अनंतिम मतदाता सूची तैयार की जाएगी।

## बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकराई, एक की मौत, दूसरा घायल

**कांधला** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी बाइक सवार दो लोगों की बाइक कैराना मार्ग पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकरा गई मौके पर एक बाइक सवार की मौत हो गई ।दुसरा गंभीर रूप से घायल हो गया शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। कस्बे मोहल्ला खेल निवासी 60 वर्षिय यशपाल अपने पड़ोस के ही रिषपाल के साथ बाइक पर सवार होकर कैराना क्षेत्र के गांव झाड खेड़ी से अपने खेत में लगाने के लिए प्याज का बीज लेने के लिए विगत मंगलवार को गया हुआ था। देर शाम दोनों बाइक सवार बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर आ रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक सवार कैराना क्षेत्र के ऊंचा गांव के समीप पहुंचे तो आगे जा रहे ट्रैक्टर से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। बाइक से गिरकर दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यशपाल की मौके पर ही मौत हो गई ।

# किसान के दो पशु चोरी पुलिस तलाश में जुटी



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी एक किसान की एक दुधारू भैंस व एक भैंसा अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने रात में चोरों की तलाश की मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा पीड़ित किसान ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस भैंस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी किसान रामकुमार ने बताया कि उसने अपनी भैंस व एक भैंसा घर के बाहर बांध रखे थे। तभी चोरों ने मौका पाकर पीड़ित की लाखों रुपए की भैंस व भैंसा चोरी कर ले गए। पीड़ित किसान के पशु नहीं मिलने पर किसान ने अपने परिवार के लोगों को चोरी होने की जानकारी दी। चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रात के अंधेरे में चोरों की जंगलों में तलाश की। मगर चोरों का कहीं भी सुराग नहीं लगा।

पीड़ित किसान का कहना है किसान का कहना है कि उसका लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि जानकारी प्राप्त हुई है जल्दी चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

## सार संक्षेप

### क्वीन आफ लखीमपुर सीजन-1 का आयोजन जल्द मोहम्मद असलम

**लखीमपुर खीरी।** जिले में जल्द ही एक अनोखा आयोजन होने जा रहा है-₹ क्वीन आफ लखीमपुर सीजन 1₹, जिसमें मेकअप क्लास, सेमिनार, मॉडलिंग और अवॉर्ड शो का शानदार मेल देखने को मिलेगा। कार्यक्रम की आयोजक श्वेता शर्मा ने बताया कि यह शो महिलाओं को आत्मविश्वास, सौंदर्य और प्रतिभा के मंच से जोड़ने का एक प्रयास है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मेकअप आर्टिस्ट और एजुकेटर प्राची श्रीवास्तव इस आयोजन में विशेष भूमिका निभाएंगी और प्रतिभागियों को मेकअप आर्ट की बारीकियों से अवगत कराएंगी। शो का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और ब्यूटी इंडस्ट्री में आगे बढ़ने का अवसर देना है। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम बहुत जल्द आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारी जोरों पर है।

### कोतवाली पुलिस की बड़ी सफलता 9 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर धारकों को सौंपे



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन में अपराध एवं जनहित से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी में सफलता हासिल की है। थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा केंद्र सरकार के उएकफ पोर्टल पर दर्ज मोबाइल खोने की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए कुल 09 मोबाइल फोन (कीमत लगभग ?1,35,000/-) बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किया गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के कुशल नेतृत्व में की गई। बरामद मोबाइल विभिन्न कंपनियों के हैं, जिन्हें उएकफ तकनीक के माध्यम से ट्रैक कर पुलिस टीम ने खोज निकाला। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा ने बताया कि ह्लतकनीक के माध्यम से नागरिकों को शीघ्र न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है। इस अभियान से लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और बढ़ेगा।

### पुलिस ने तमंचे संग एक आरोपी को दबोचा, भेजा जेल



**कांधला।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है ।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में खंद्रावली चौकी प्रभारी विजेंद्र सिंह रावल पुलिस टीम के साथ गाव मीमला मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे।

चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने किस देख दे युवा को पकड़ लिया तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजन उर्फ रजनीश पुत्र सत्यप्रकाश निवासी मिमला बताया.पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी को थाने ले आई। बुधवार को पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया है।

# डीएम प्रतापगढ़ का आदेश सीएमओ, सीओ सिटी व एसआई के खिलाफ करो एफआईआर

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** आयुष्मान योजना के तहत कार्ड धारक को लाभ न देने के मामले की जांच में शिथिलता बरतने पर डीएम शिव सहाय अवस्थी ने सीएमओ, डिप्टी सीएमओ, सीओ सिटी और कोतवाली के एक एसआई के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अस्पताल पर भी कार्रवाई को कहा है। गौरतलब यह कि आदेश के दस दिन बाद भी कुछ हुआ नहीं।

रानीगंज तहसील के पिपरी खालसा निवासी रवि द्विवेदी ने शिकायत की थी कि उन्होंने अपने पिता का संजीवनी नर्सिंग होम में हार्निया का ऑपरेशन कराया था। आयुष्मान कार्ड होते हुए संचालक डॉ. एसएस गुप्ता ने उनसे पैसे ले लिए। इस पर डीएम ने जांच के आदेश दिए थे। सीएमओ डॉ. एएन प्रसाद की अध्यक्षता में जांच टीम गठित की गई। इसमें डिप्टी सीएमओ शबीब हैदर, तत्कालीन सीओ सिटी शिवनारायन वैश्य व कोतवाली के एसआई विनय सिंह को सदस्य नामित किया गया था।

मई 2025 के प्रकरण की जांच जब सितंबर तक भी पूरी नहीं हुई तो शिकायतकर्ता ने जांच में लीपापोती किए जाने का आशंका व्यक्त करते हुए डीएम से दोबारा शिकायत की। डीएम ने एएसपी पूर्वी शैलेंद्र लाल को जांच कमेटी में शामिल सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच को लिखा। यह भी आदेश दिया कि अस्पताल को आयुष्मान कार्ड धारकों के इलाज के लिए मिला लाइसेंस निरस्त किया जाए।

प्रकरण पर एएसपी पूर्वी शैलेंद्र लाल ने बताया कि यह मामला पुराना है। वर्तमान में डीएम कार्यालय से जारी रिमांइडर (अनुस्मारक) सीआरओ अजय तिवारी के माध्यम से प्राप्त हुआ है। मामले की मूलप्रति सीआरओ कार्यालय से मांगी गई है। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

डी एम शिव सहाय अवस्थी बोले- शिकायत प्राप्त होने के बाद प्रथम दृष्टया जांच कमेटी ने सही ढंग से काम नहीं किया। पीड़ित को न्याय नहीं मिला है तो निश्चित ही कमेटी में शामिल लोग दंड के पात्र हैं। पीड़ित को न्याय दिलाना ही प्राथमिकता है।

## निर्माण श्रमिकों के लिए नवीनीकरण की अंतिम तिथि बढ़ी

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के सचिव के आदेश दिनांक 23 सितम्बर 2025 के तहत उन श्रमिकों को अंतिम अवसर प्रदान किया गया है, जिन्होंने पिछले 4 वर्ष या उससे अधिक समय से अपने पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया है। पहले यह अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे अब श्रमिक हित में बढ़ाकर 15 नवम्बर 2025 कर दिया गया है। सहायक श्रमायुक्त डॉ. पल्लवी अग्रवाल ने बताया कि जनपद बुलन्दशहर में वर्तमान में कुल 3,07,925 श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें से 59,546 श्रमिकों ने 4 वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नहीं कराया है। ऐसे श्रमिक यदि निर्धारित तिथि तक नवीनीकरण नहीं कराते हैं तो उनके पंजीयन कार्ड को निष्क्रिय सूची में सम्मिलित कर निरस्त कर दिया जाएगा।

# शिक्षक पति पत्नी और शिक्षिका बहनों ने मिलकर की अनाथ गरीब लड़की की शादी

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पूरे क्षेत्र में माह अक्टूबर में शादी विवाह का बड़ा जोर है ।गांव गांव में बड़े धूम धाम से शादी कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है ।सड़कों पर बारातियों की गाड़ियों के लंबे काफिले दिखाई देते हैं। शादी विवाह के भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

दूसरी तरफ ऐसे ही शादी विवाह में सकारात्मक सोच के लोग भी होते हैं ।जो गरीब अनाथ के बेटी की शादी का पूरा खर्च वहन कर बहन बेटी की तरह खुशी खुशी पिया के घर विदा करते हैं। जनपद संतकबीरनगर के सेमरियावां गांव में एक ऐसी शादी कर अच्छी नजीर पेश की है। जनाब अब्दुल हादी लेखपाल साहब ने आज से बीस साल पहले एक यतीम लड़की को अपने घर परवरिश के लिए लिए ।उसको अपने बच्चियों की तरह तरबियत दी ।वह लड़की पिछड़ी बिरादरी से थी ।लेकिन कभी महसूस नहीं हुआ कि उनकी बेटी नहीं है ।उसने भी घर परिवार सदस्य बनकर भरपूर खिदमत की ।अनाथ बालिका के वयस्क होने पर शादी तय की गई ।मंगलवार के दिन शादी कार्यक्रम आयोजि कर विदा किया गया ।शिक्षक पति पत्नी और शिक्षिका बहनों ने मिलकर परंपरानुसार शादी के कार्य को अंजाम दिया ।अनाथ बिटिया को जेवर सहित अन्य जरूरत के सभी आवश्यक सामान दिल खोलकर कर दिए। वर पक्ष के साथ आई बारात का खूब सेवा सत्कार किया गया।

नाम आंखों से शिक्षक पति पत्नी एवं शिक्षिका बहनों एवं परिवार के सदस्यों ने दुल्हन को उसके पिया के घर खुशी खुशी विदा किया ।जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

# विद्यालय में घुसा विशाल अजगर वन विभाग ने सुरक्षित पकड़ा

वेलकम इंडिया



**रूदौली (अयोध्या)।** रूदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऐथर में उस समय हड़कंप मच गया जब प्राथमिक विद्यालय के परिसर में एक विशालकाय अजगर घुस आया। अचानक अजगर को देखकर विद्यालय स्टाफ और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में घटना की सूचना पूरे गांव में फैल गई और सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए। वन विभाग ने तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की। वन क्षेत्राधिकारी जे.पी. गुप्ता के निर्देशन में वन विभाग की टीम संजय, पप्पू, और शुजागंज चौकी के दीवान अनुज यादव ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। राहत की खबर अजगर को देर रात सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया।

वन विभाग ने क्षेत्रवासियों से अपील की – यदि कहीं कोई जंगली जीव दिखाई दे, तो घबराएं नहीं, तुरंत वन विभाग या स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# तीन भाइयों की हरकत से मोहल्ले के लोग परेशान

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने दर्जनों लोगों के साथ थाने पर पहुंचकर मोहल्ले के तीन लोगों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने एवं महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने सहित आदि कई गंभीर आरोप लगाकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बुधवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी भूरा ने बताया कि उसके मोहल्ले के तीन भाई आए दिन शराब पीकर मोहल्ले में हुड़दंग मचाते हैं। जब कोई मोहल्ले का व्यक्ति विरोध करता है तो आरोपी उनके साथ गाली गलौज करते हुए उन्हें झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देते हैं। इतना ही नहीं आरोपी शराब पीकर उनकी दीवार पर आए दिन शौच करते हैं। बुधवार को पीड़ित ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और पीड़ित को झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी दी है। पीड़ित ने दर्जनों लोगों के साथ थाने पर पहुंचकर आरोपी तीनों भाइयों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अवैध संबंधों का विरोध करने पर विवाहिता से मारपीट

**कांधला।** कस्बे की एक विवाहिता ने अपने पति पर भाभी के साथ अवैध संबंध रखने और विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पति सहित ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बुधवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी सोनिया पुत्री संतराम ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी जनपद शामली के थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के मोहल्ला सती मंदिर निवासी युवक के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति के अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध हैं, जिसका उसने कई बार विरोध किया। विरोध करने पर पति उसके साथ आए दिन मारपीट करता था। महिला ने बताया कि बुधवार को भी जब उसने पति के अवैध संबंधों का विरोध किया, तो आरोपी पति ने अपनी मां और भाभी के साथ मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की और अपशब्द कहते हुए घर से निकाल दिया। किसी तरह जान बचाकर वह मायके पहुंची और बाद में थाने जाकर पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## तीन लोगों पर जान से मारने की नीयत से घर में घुसकर हमला करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी एक युवक ने मोहल्ले के ही तीन लोगों पर घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है ।पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी कुलदीप कुमार ने बताया कि वह विगत मंगलवार की देर शाम अपने घर में सोया हुआ था। तभी रंजिश के चलते मोहल्ले के तीन लोग हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर घुस गए और पीड़ित पर जान से मारने की नीयत से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शौर-शराबा होने पर आरोपी पीड़ित को अधमरा कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निदेशों के क्रम मे जिला कृषि अधिकारी डा सर्वेश कुमार यादव द्वारा ब्लॉक सेमारियाँवा क्षेत्र स्थित कुल 8 प्रतिष्ठानों, सहकारी समिति एवं निजी उर्वरक दुकानों पर डीएपी, एनपीके, एसएसपी, यूरिया की उपलब्धता, निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण वितरण की स्थिति का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान 03 दुकानों को स्टॉक बोर्ड/ स्टॉक रजिस्टर अद्यतन नहीं करने के कारण बताओ नोटिस (कॠॠऊउ, गार्थोलिया, प्रजापति खाद भंडार, गार्थोलिया, चौधरी खाद भंडार, गार्थोलिया) जारी किया गया। इसके अलावा पीसीएफ केंद्र कांटे एट थुरंडा, किसान इंटरप्राइजेज, भुजैनी, एग्री जंक्शन, चुरेब आदि प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया गया। साधन सहकारी समिति उर्मिला निरीक्षण के समय बंद थी उपस्थित किसानों ने बताया कि अभी कुछ समय पहले तक खाद वितरण करके चले गए हैं, जिसके संबंध मे ए आर कोआपरेटिव को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अवगत कराया गया है ।उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त थी और वितरण सामान्य रूप से किया जा रहा था। चौधरी खाद भंडार, पिपरा बोरिंग का लाइसेंस स्टॉक एवं रेट बोर्ड अपूर्ण/ अद्यतन नहीं करने के कारण निलंबित किया गया। समिति के सचिवों / उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि खाद का वितरण खतौनी के अनुसार टोकन बांट कर किया जाए। निर्धारित दर पर ही किसानों को खाद का वितरण कराया जाए। अवशेष आवंटित उर्वरकों का उठान भी ससमय कर लिया जाए।

# राज्य स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का हुआ भव्य आगाज

वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम



**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी स्थित कॉलर ग्राउंड में राज्य स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन ओलंपिक संघ उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त इलेवन स्टार कप 2025 स्टेट फुटबॉल टूनार्मेंट के तहत कराया जा रहा है। आठ दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश की कई प्रमुख टीमें भाग ले रही हैं ।करीब दोपहर 3:00 बजे टूनार्मेंट की शुरूआत हुई।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि फहीम अहमद, थाना खीरी से उप निरीक्षक शुभम प्रताप, तथा अतीक अहमद उर्फ बाबा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। फीता काटने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गान के साथ हुई, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

फुटबॉल टूनार्मेंट समिति के हाजी अध्यक्ष अब्दुल जलील खान, वकील खान, यूनुस उर्फ (फुल्लन), मुफीद अहमद, सन्नू खान, रफी बरकाती, चाँद मियां, नगर पंचायत सदस्य शकील खान, सदस्य सईद, तथा सदस्य नसीम अहमद गौरी सहित पूरी आयोजन टीम कार्यक्रम में मौजूद रही। वहीं मैदान में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उद्घाटन के बाद फहीम अहमद ने बॉल उछालकर टूनार्मेंट की औपचारिक शुरूआत की ।कल खेले गए पहले मुकाबले में सीतापुर और पीलीभीत की टीमों के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया।

# नोएडा प्राधिकरण पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन हुआ शुरू अशोक चौहान

वेलकम इंडिया



**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि आज से नोएडा प्राधिकरण पर भारतीय किसान यूनियन मंच का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन हो गया है।

आज के धरने की अध्यक्षता अनुप निर्वाण ने की और मंच संचालन सुनील भाटी ओर आशीष चौहान ने किया। आज दोपहर लगभग 1 बजे हरौला बारात घर से पैदल मार्च करते हुए 81 गांव के किसान नोएडा प्राधिकरण सेक्टर 6 धरना स्थल पर पहुंचे जहां पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा रखी थी किसानों ने बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और नोएडा प्राधिकरण के स्वागत कक्ष के सामने चौराहे पर बैठ गए जहां पर पुलिस प्रशासन और किसानों के बीच की नोक झोंक भी हुई

लगभग 3 बजे नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर , अरविन्द कुमार ओर एसीपी प्रवीण कुमार किसानों के बीच प्राधिकरण के अधिकारियों से प्राधिकरण के अंदर वार्ता करने का प्रस्ताव लेकर किसानों के बीच पहुंचे जिसे किसानों ने खारिज कर दिया किसानों ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण का कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर ही आए और किसानों के कौन-कौन से कम किए हैं या कर रहे हैं किसानों के बीच पंचायत में ही सबके सामने बताया जाए इसके बाद अधिकारी वापस नोएडा प्राधिकरण लौट गए।

नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर, अरविंद कुमार, से किसानों से सभी बिंदुओं पर जवाब मांगा भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने सवाल जवाब किये और सवाल जवाब का यह क्रम लगभग 40 मिनट तक चला किसानों को अधिकारियों ने कोई भी ठोस जवाब नहीं दे दिया ? जिससे नाराज होकर किसानों ने निर्णय लिया के अब वार्ता केवल नोएडा प्राधिकरण के चैयरमेन दीपक कुमार से की जाएगी अन्य किसी भी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी से कोई वार्ता नहीं की जाएगी नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम किसानों के बीच नहीं पहुंचे जिससे किसानों में भारी रोज है। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान ने अधिकारियों से कहा कि जब तक किसानों के सभी मुद्दे हल नहीं हो जाएंगे तब तक नोएडा प्राधिकरण के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी, एल आई यू और पुलिस प्रशासन के उच्च नोएडा प्राधिकरण के चैयरमेन दीपक कुमार से किसानों की मीटिंग करायी जाए नोएडा प्राधिकरण जमीनी हकीकत पर कार्य करना शुरू करें इस बार केवल आश्वासन पर धरना समाप्त नहीं होगा। इस अवसर पर सूरज प्रधान, सुरेंद्र प्रधान प्रमोद त्यागी डीपी चौहान गौतम लोहिया विक्रम यादव सुरेश त्यागी रोहतास चौहान मीडिया प्रभारी अशोक चौहान मंविनदर भाटी, सुनील भाटी, वीर सिंह टाइगर कृष्ण भडाना, श्याम सिंह चौहान गजेंद्र बैसोया योगेश भाटी विमल त्यागी आशीष चौहान राहुल पवार सोनू लोहिया उदय चौहान फिरे चौहान उमंग शर्मा अमित बैसोया रिंकू यादव सरजीत खारी मुनेश प्रधान, भंवर सिंह चौहान आदि रहे।

# पत्रकार की हत्या पर उबाल : गापा ने मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच और सुरक्षा कानून की मांग की

वेलकम इंडिया



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** प्रयागराज में वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी नारायण सिंह की निर्मम हत्या के विरोध में सोमवार को ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन (गापा) ने जिलाधिकारी मेरठ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह हत्या लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है।

पत्रकार आज भी भय और असुरक्षा के माहौल में कार्य करने को विवश हैं।गापा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि हत्या की निष्पक्ष जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराई जाए।मृतक पत्रकार के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।संस्था ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पत्रकार सुरक्षा कानून को शीघ्र पारित किया जाए। प्रत्येक जनपद में पत्रकार सुरक्षा प्रकोष्ठ गठित किया जाए, जो किसी भी आपात स्थिति में पत्रकारों की सहायता कर सके।साथ ही पत्रकारों पर हो रहे हमलों के मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाने की भी मांग की गई।

गापा ने यह भी सुझाव दिया कि शासन स्तर पर पत्रकार संगठनों के साथ वार्षिक संवाद व बैठकें आयोजित की जाएं, जिससे संवाद, सहयोग और पारदर्शिता की भावना को बल मिले।

ज्ञापन देने वालों में हरेंद्र चौधरी, श्रीकांत अस्थाना, मुनेंद्र त्यागी, रमेश चौहान, शाहवेज खान, यशपाल सिंह, अशोक सोम, संजीव तोमर, शिवकुमार शर्मा, पंकज शर्मा, शाहिद जानी, आसिफ अली और हैदर अली प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### देलखंड में मूसलाधार वर्षा से किसानों को भारी नुकसान झ्र सरकार से त्वरित राहत की मांग



**झाँसी।** बुंदेलखंड क्षेत्र में बीते दिनों हुई मूसलाधार वर्षा ने किसानों की स्थिति बेहद दयनीय बना दी है।खेतों में खड़ी खरीफ फसलें – धान, उड़द, तिल, मूंगफली, और अरहर – पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं, जिससे अधिकांश फसलें नष्ट हो चुकी हैं।जिन किसानों ने मेहनत और कर्ज लेकर खेती की थी, अब वे गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री महेंद्र कुमार प्रजापति ने बुंदेलखंड के विभिन्न जनपदों – जालौन, हमीरपुर, चित्रकूट, बांदा, झाँसी और महोबा – का दौरा कर प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का विस्तृत जायजा लिया।उन्होंने बताया कि, इस बार हुई अतिवृष्टि से किसानों की मेहनत पूरी तरह बर्बाद हो गई है।खेतों में भरे पानी से फसलें सड़ने लगी हैं ।गाँव-गाँव में किसानों के चेहरों पर मायूसी और चिंता स्पष्ट दिखाई दे रही है। कई परिवारों के लिए यह स्थिति जीविका संकट का रूप ले चुकी है।किसानों ने शासन-प्रशासन से राहत की गुहार लगाते हुए कहा कि फसल बीमा योजना और राजस्व विभाग के माध्यम से शीघ्र सर्वे करा कर मुआवजा दिलाया जाए ।

### झांसी मनस्विनी संस्था की सदस्याओं ने दीवाली मनाई




**झांसी।** झांसी मनस्विनी संस्था द्वारा आज प्रभा होटल में दीपावली मनाई गई। चार्टर अध्यक्ष रजनी गुप्ता तथा अध्यक्ष कल्पना सेठ की संयुक्त अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रजनी गुप्ता, कल्पना सेठ, निधि नगरिया, रजनी वर्मा इत्यादि ने विधिवत लक्ष्मी पूजन और आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी के लिए मंगलकामनाएं की। इसके बाद सभी ने मिलकर साथ में दीपक सजाए और फुलझड़ी जलाकर, मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। दीपावली के उपलक्ष्य में गेम्स आयोजित किए गए जिसमें निधि नगरिया, रजनी वर्मा, आयुषी गुप्ता इत्यादि विनर रहे। कार्यक्रम में रजनी गुप्ता कल्पना सेठ रजनी वर्मा कुसुम साहू राम श्री गुप्ता दिव्या गुप्ता पल्लवी प्रियंका सेठ मोनिका गुप्ता रेनू शुक्ला शिवांगी सेठ मीनू चावला रचना सोनी रजनी सेठ अर्चना गुप्ता सीमा गुप्ता आयुषी गुप्ता इत्यादि शामिल हुए। अंत में सचिव निधि नगरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### बुंदेलखंड के प्रसिद्ध ज्योतिषचार्य पं.राजकुमार दुबे ने किया संदीप साहू नगरा को सम्मानित



**झाँसी।** प्रेमनगर नगरा में स्थित श्री नीलकंठेश्वर शंकर जी के मंदिर पर 21 वां भव्य छठ महापर्व महोत्सव 2025 एवं दिव्य भजन संध्या कार्यक्रम में ज्योतिषचार्य पं.राजकुमार दुबे जी महाराज ने श्री नीलकंठेश्वर प्रेम सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप साहू नगरा को उत्कृष्ट कार्य एवं वर्ष भर धार्मिक कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के लिए शॉल उड़ाकर एवं माँ राज राजेश्वरी माता रानी का चित्र पत्र भेंट कर सम्मानित किया जिसमें मुख्य रूप से पं.सियारामशरण चतुर्वेदी गुरुजी,पं.पुष्पेंद्र दुबे,ठा.अरुण सिंह,सुनील साहू,आशीष मिश्रा,वीर सिंह परिहार,हिर्देश चतुर्वेदी रानू महाराज,उपेंद्र बबेले,ऋषभ सिंह, विश्वनाथ मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी,साहिल साहू,रामसेवक समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्री पूर्ण बोरा आईएएस ने उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण का कार्यभार संभाला



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** मण्डलायुक्त/अध्यक्ष वीडीए एस.राजलिंगम की अध्यक्षता में वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया` बिजनौर में बतौर मुख्य विकास अधिकारी तैनात श्री पूर्ण बोरा (आईएएस-2018) ने वाराणसी में उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण का कार्यभार ग्रहण किया` मण्डलायुक्त/अध्यक्ष वीडीए एस.राजलिंगम द्वारा उन्हें पदभार ग्रहण करवाया गया` वाराणसी विकास प्राधिकरण के 51वें उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवीन उपाध्यक्ष द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया गया।

2018 बैच के आईएएस श्री पूर्ण बोरा का जन्म 1 मई 1989 को असम में हुआ उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक की उपाधि प्राप्त की हैं` प्रशिक्षण के उपरांत श्री बोरा ने जनपद कुशीनगर में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में 7 अगस्त 2020 को पदभार ग्रहण किया` तत्पश्चात 28 जून 2022 को उन्हें जनपद बिजनौर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात किया गया जहाँ उन्होंने उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता एवं विकास कार्यों के प्रति समर्पण का परिचय दिया।

# डेढ़ किमी मुख्य मोटर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का विधायक पार्वती दास ने किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** मानस खण्ड योजना से स्वीकृत बैजनाथ-बागेश्वर मोटर मार्ग के बागेश्वर लोनिवि प्रभाग के किमी0 19.500 से 21 किमी0 मोटर मार्ग का पुनर्निमाण, सुधारीकरण व डेढ़ लेन में चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ विधायक पार्वती दास ने किया। लम्बे समय से सड़क के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी।स्थानीय विधायक पार्वती दास द्वारा सड़क पर लगने वाले जाम और सड़क संकरी होने से सुगम यातायात व्यवस्था में लोगों और वाहन चालकों को हो रही परेशानी को देखते हुए सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा, जिसके बाद अब डेढ़ किमी सड़क के चौड़ीकरण को स्वीकृति मिली है।

विधायक पार्वती दास ने कहा कि मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री द्वारा चहुमुखी विकास के लिए कार्य किया जा रहा है जिसके तहत इस योजना का चयन करके जनता को सुविधा प्रदान की जा रही है। कहा कि मोटर मार्ग चौड़ीकरण हेतु एक करोड़ अस्सी लाख चौदह हजार 21 रुपये की लागत से मोटर मार्ग का पुनर्निर्माण, सुधारीकरण व 1.5 लेन मे चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा।उक्त मोटर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य हो जाने से क्षेत्रवासियों को सुलभ व सुगम यातायात व्यवस्था का लाभ मिलेगा।कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय चंदन राम दास जी के अधूरे विकास कार्यों और उनके सपनों को साकार करने हेतु अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने हेतु विकास कार्यों में प्राथमिकता से सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। विधायक प्रतिनिधि और युवा नेता भाष्कर दास ने बताया कि जल्द विधानसभा क्षेत्र में कई प्रमुख ग्रामीण मोटर मार्गो को फॉरेस्ट क्लियरेंस मिलते ही उन मोटर मार्गो का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।कहा कि जनता की प्रमुख विकास योजनाओं को शासन से स्वीकृति प्रदान कराई जा रही है।इस दौरान जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या, जिला महामंत्री संजय परिहार, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र परिहार, मंडल अध्यक्ष राजकुमार मेहता , नगर मंडल अध्यक्ष विवेक तिवाड़ी, खड़क टंगड़िया, नंदन रावत, दरबान सिंह बिष्ट, आदर्श कठायत , दमोदर जोशी, पंकज मेहता, विभागीय अभियंता उपस्थित थे।

# नवागत जिलाधिकारी का रैपीड एक्शन रात में लिए चार्ज, सुबह विभागों का किया निरीक्षण

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी





**सिद्धार्थनगर।** नवनियुक्त जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. एक अनुभवी और सख्त प्रशासक के रूप में पहचाने जाते हैं।चित्रकूट में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर कड़ी लगाम लगाई।मंगलवार देर रात शिवशरणप्पा जी.एन. ने जिले के नए डीएम का कार्यभार संभाल लिया। बुधवार सुबह उन्होंने कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण किया और विभिन्न विभागों के पटलों की गहन समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान नवागत डीएम ने सभी शाखाओं में कर्मचारियों की उपस्थिति, फाइलों के निस्तारण की स्थिति और कार्यालयों में स्वक्षता का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं से संबंधित कार्यों में लापरवाही या क्षम्य नहीं है, जनता से जुड़े कार्यों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। डीएम ने कहा कि शासन की सभी योजनाएं पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से लागू हों, यही प्रशासन की प्राथमिकता है।

नवागत निरीक्षण के दौरान सीडीओ बलराम सिंह, एडीएम, सीआरओ, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।अधिकारियों ने नए जिलाधिकारी का स्वागत किया और उन्हें जिले के विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था तथा राजस्व मामलों की विस्तृत जानकारी दी।

डीएम शिवशरणप्पा जी.एन. ने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाओं की रेगुलर समीक्षा की जाएगी। उन्होंने जनसुनवाई को प्रभावी बनाने और आम जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# ऑपरेशन क्लीनः खेसरहा थाने में नौ लावारिस वाहनों की हुई नीलामी

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी





**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** जनपद के मोहाना थाने में बुधवार को प्रदेश में चलाए जा रहे ह्लऑपरेशन क्लीनह्व अभियान के तहत 09 लावारिस मोटरसाइकिलों की नीलामी की गई। इस नीलामी से जीएसटी सहित करीब 56286 रुपया का राजस्व प्राप्त हुआ।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बांसी उपजिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती, सीओ बांसी सुजीत राय, सम्भागीय निरीक्षक परिवहन अधिकारी मुजफ्फर हुसैन सिद्दीकी की उपस्थिति में थाना परिसर में विधि सम्मत तरीके से नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई गई।इसमें लावारिस और लादावा वाहनों को शामिल किया गया था। जिसमें माली ट्रेडर्स अनीश जिला गोरखपुर द्वारा सर्वाधिक बोली 47700 रू0 लगायी गयी। जिसमें नीलामी से जीएसटी 8586 के कुल धनराशि 56286 रुपए राजस्व को प्राप्त हुआ। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि नीलामी से प्राप्त धनराशि राजकीय कोषागार में जमा कराई जाएगी।

# पुलिस ने 17.770 कि.ग्रा. नाजायज गाँजा के साथ दो अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन व अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी के पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0428/2025, धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्तगण (1)- आनन्द वर्मा पुत्र पवारु वर्मा निवासी ग्राम धनन्जयपुर थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी उम्र 28 वर्ष,(2)- सूर्यभान मौर्या पुत्र स्व0 शिवलाल मौर्या निवासी ग्राम जमुआ थाना तरवा जनपद आजमगढ़ उम्र 35 वर्ष को 28 अक्टूबर 2025 एन.ई.आर.पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तगण के पास से 17.770 कि.ग्रा.नाजायज गाँजा बरामद हुआ जिसका अनुमानित मूल्य करीब 9 लाख रूपया है साथ ही एक स्विफ्ट डिजायर कार वाहन संख्या वढ65 खळ2256 (घटना में प्रयुक्त ) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी,बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। घटना के संबंध में पुलिस के द्वारा दी गयी जानकारी में बताया गया की 28 अक्टूबर 2025 को सिगरा पुलिस द्वारा ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन व अवैध नशीले पदार्थ की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि एक चार पहिया वाहन महमूरगंज से कैंट की तरफ आ रही है जिसमें मादक पदार्थ की संभावना है।

# अश्लील वीडियो पर लड़की को ब्लैकमेल कर किया दुष्कर्म, आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के कपिलवस्तु में दोस्ती में नाबालिग लड़की की आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर आठ लोगों ने दुष्कर्म किया। नाजायज हरकतों से परेशान पीड़िता की शिकायत पर कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस ने सभी के विरुद्ध दुष्कर्म, आइटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

आरोपित जुनैद, हलीम, मुमताज उर्फ कमर, रैयान, शादाब, हफीक, वैद्य व सिराजुद्दीन पीड़िता के बगल के गांव के रहने वाले हैं। कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग ने बताया कि उसकी दोस्ती पड़ोसी गांव निवासी जुनैद से थी। उसने शारीरिक सम्बन्ध बनाया और धोखे से वीडियो भी बना लिया। वीडियो को गांव के कुछ लोगों को दे दिया। इसके बाद वह सभी वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करते हुए शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाते थे। आठ लोगों ने वीडियो को इन्टरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देते हुए सम्बन्ध बनाया। आरोपित करीब तीन-चार माह से नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर रहे थे। परेशान नाबालिग ने स्वजन को जानकारी दी तो उन्होंने थाने में तहरीर दी।एसएचओ कपिलवस्तु विपिन प्रकाश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सीओ सदर विश्वजीत शौर्य ने बताया कि कपिलवस्तु थाना के एक गांव निवासी नाबालिग का आपत्तिजनक वीडियो बनाने और उसे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ठाकुर श्री बांके बिहारी मन्दिर हाई पावर्ड मैनेजमेन्ट कमेटी की सप्तम बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी, वृन्दावन, मथुरा की सप्तम बैठक मा० न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद अशोक कुमार की अध्यक्षता में लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन वृन्दावन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मन्दिर परिसर के अन्दर रेलिंग लगाने की प्रगति रिपोर्ट। मन्दिर परिसर का तहखाना खुलवाने की प्रगति रिपोर्ट।

मन्दिर की अवसंरचनात्मक दृढ़ता की प्रगति रिपोर्ट। मन्दिर प्रांगण में खाली स्थान पर अर्द्ध निर्मित स्थल (357 वर्ग० गज) में अनियमितता की जांच हेतु गठित त्रिसदस्यीय समिति की प्रगति रिपोर्ट। ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मन्दिर, वृन्दावन में हलवाई तय किए जाने हेतु विचार विमर्श। मन्दिर में दिन-प्रतिदिन होने वाले व्यय के भुगतान की प्रक्रिया के सम्बन्ध में व्यवस्था हेतु विचार विमर्श।

वास्तुकार सदस्य की नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों पर आवेदकों के साथ विचार विमर्श। ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के सजीव दर्शन प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) हेतु प्राप्त आवेदनों पर आवेदकों के साथ विचार विमर्श। ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मन्दिर, वृन्दावन के जमा खातों की धनराशि को एम०ओ०डी० के अंतर्गत जमा करना एवं निजी बैंकों में जमा धनराशि को सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों में जमा करने की प्रगति रिपोर्ट। गोलक खोलने की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा हुई।

बैठक में अध्यक्ष/ न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उच्च न्यायालय इलाहाबाद अशोक कुमार, सदस्य/ जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) मुकेश मिश्रा, सदस्य / जिला एवं सत्र न्यायाधीश मथुरा विकास कुमार, सदस्य/ मुंसिफ / सिविल जज मथुरा श्रीमती शिप्रा दुबे, सदस्य सचिव / जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर मथुरा चन्द्र प्रकाश सिंह, सदस्य / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार, सदस्य/ नगर आयुक्त मथुरा-वृन्दावन नगर निगम मथुरा जग प्रवेश, सदस्य/ उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण मथुरा श्याम बहादुर सिंह, सदस्य/गोस्वामी राजभोग समूह से शैलेन्द्र गोस्वामी पुत्र ब्रजनाथ गोस्वामी तथा श्रीवर्धन गोस्वामी पुत्र जुगल किशोर गोस्वामी, सदस्य/ गोस्वामी शयनभोग समूह से दिनेश कुमार गोस्वामी पुत्र बिहारीलाल गोस्वामी तथा विजय कृष्ण गोस्वामी (बब्बू) पुत्र बाल कृष्ण गोस्वामी उपस्थित रहे।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**हापुड़।** जनपद के थाना हाफिजपुर पुलिस ने गांव निवासी एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को मोरपुर कट के पास से पकड़ा गया।नाबालिग किशोरी के परिजनों ने इस संबंध में थाना हाफिजपुर में शिकायती पत्र देकर आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई बुधवार को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि घटना का आरोपी मोरपुर कट के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बुलंदशहर जिले का निवासी है आरोपी गिरफ्तार आरोपी की पहचान एक जनपद के गांव के युवक के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष परवीन कुमार ने बताया कि घटना में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कमिश्नर का औचक निरीक्षण: जिला अस्पताल में मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** बुधवार तड़के जिला अस्पताल में अचानक पहुंचे कमिश्नर एस. भूपेंद्र चौधरी के औचक निरीक्षण से अफरा-तफरी मच गई। तेजतर्रार अंदाज में पहुंचे कमिश्नर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उनके पहुंचते ही डॉक्टरों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कमिश्नर ने सबसे पहले सीएमएस कार्यालय का निरीक्षण किया, इसके बाद ओपीडी, इमरजेंसी, महिला वार्ड, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड रूम का गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने मरीजों से उनका हालचाल जाना और ओपीडी में रखी दवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए कुछ दवाएं खुद देखीं। निरीक्षण के दौरान कई जगह साफ-सफाई की कमी और लापरवाही सामने आई। इस पर कमिश्नर ने मौके पर मौजूद स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि अस्पताल की व्यवस्था में तुरंत सुधार लाया जाए।

उन्होंने जर्जर इमारतों की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए। कमिश्नर चौधरी ने स्पष्ट कहा ₹मरीजों को किसी भी हालत में असुविधा नहीं होनी चाहिए। ड्यूटी पर लापरवाही या देर से पहुंचने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों पर कार्रवाई तय है। ₹निरीक्षण के दौरान एक चौकीदार ने शिकायत की कि अस्पताल के बड़े बाबू निर्देश पाल सरकारी कमरे निजी लोगों को रुपये लेकर देते हैं और विरोध करने पर धमकाते हैं। इस गंभीर शिकायत पर कमिश्नर ने तुरंत जांच और सख्त कार्रवाई के आदेश दिए।

उन्होंने कहा ₹अस्पताल में दबंगई या भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे।₹ निरीक्षण के दौरान एसडीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## डीएपी पर हो रही मारामारी रात भर लाइन में लग रहे किसान



**मथुरा/कोसीकलां।** नगर में डीएपी खाद की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान रात भर जागकर खाद के लिए लाइन में खड़े रहते हैं, बावजूद उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। इससे फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है और किसानों की चिंता बढ़ गई है। डीएपी खाद की कमी के कारण, किसानों को फसलों की बुवाई में परेशानी हो रही है। किसान रात में पहुंच सहकारी क्रय विक्रय समिति पर लिस्ट में नाम अंकित करा रहे है। किसानों का आरोप है कि कर्मचारियों की मिली भगत से नाम हटा दिए जाते हैं किसानों ने आरोप लगाते हुए बताया कि मशीन में सर्वर ना आने का हवाला देते हुए मशीन को छुपा देते हैं और अंगूठा ना लगने के कारण खाद नहीं देते हैं और अपने चाहितों को ऊपर लिस्ट में रखा जाता है। किसान अपने नंबर के इंतजार में सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। जिससे किसानों की फसल पर असर पड़ सकता है।किसानों ने सरकार से मांग की है कि वह डीएपी खाद की कमी को दूर करे और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराए। किसानों ने सहकारी क्रय विक्रय समिति के सचिव चंद्रशेखर पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर डीएपी खाद की कमी पैदा कर रही है ताकि अपने मिलने वालों को फायदा पहुंचाया जा सके।

## सन्दिग्ध परिस्थितियों में महिला ने की आत्महत्या

**मथुरा/कोसीकलां।** बठैन गेट चौकी के अंतर्गत आने वाली नगर की कृष्णा विहार कॉलोनी में बुधवार को एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शेरगढ़ निवासी मृतका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी की शादी लगभग पाँच माह पूर्व अप्रैल माह में कृष्णा विहार कॉलोनी कोसी निवासी युवक से की थी। आप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे आए दिन मानसिक रूप से उत्पीड़न करते थे। आरोप है कि उनकी बेटी ने कई बार शिकायत की लेकिन ससुराली नही माने ?र आत्महत्या के लिए उकसाने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने सुसरालीजनों के खिलाफ थाना कोसीकला में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पड़ताल कर रही है।

## भंडारे से होती है भाईचारे की भावना जीवंत: मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी

**मथुरा/चौमुहां।** भंडारे से समाज में भाईचारे की भावना जीवंत रहती है। इससे प्रेम




भाव बनता है। भंडारे जैसे आयोजन लोगों को जाति, धर्म या आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना एक साथ लाते हैं। ये आयोजन प्रेम, दान और सद्भाव का संदेश देते हैं, जिससे समाज में समरसता और भाईचारे की भावना बढ़ती है। भंडारे में, लोग सामूहिक रूप से भोजन तैयार करके उसे सभी के साथ साझा करते हैं, जो एकता को मजबूत करता है। ये विचार कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने चौमुहां में आयोजित आगरा मंडल झरौँ भंडारे में व्यक्त किए। इस दौरान कुंवर नरेंद्र सिंह, गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह, सपा से किशोर सिंह, मुकेश सिकरवार नरदेव चौधरी आदि ने विचार व्यक्त किए। चौमुहां में कालू पहलवान व टीकम पहलवान की मां भूदा देवी की स्मृति में मंडल झरौँ भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से प्रसाद शुरू हुआ जो कि शाम तक चलता रहा। इस दौरान काफी लंबी मानव श्रृंखला देखने को मिली। चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, बिहारीराम पहलवान, पाल सिंह यादव, पूरन सिंह, राधे, जगन्नाथ सिंह, शिवराम सिंह, सत्तो नंबरदार, पुष्पेंद्र पहलवान, भरत पंडित, सुखराम, पातीराम सिंह, नेकराम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पत्ता गोभी से लदी पिकअप पलटी, घायल चालक



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के थाना हाफिजपुर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड स्थित गांव सादिकपुर के पास बुधवार रात पत्ता गोभी से लदी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में गाड़ी का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पिकअप में भरी पत्ता गोभी सड़क पर बिखर गई, जिसके कारण हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। देर रात हुआ हादसा।यह हादसा बुधवार की रात करीब आठ बजे सादिकपुर गांव के ही पास में हुआ। पत्ता गोभी से भरी पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक अजीत पुत्र सतीश ने अपना पता(निवासी स्याना,जनपद बुलंदशहर) गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना थाना हाफिजपुर पुलिस को दी।तो वही हाफिजपुर पुलिस ने संभाला मोर्चा सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष प्रवीण चौधरी तत्काल पहुँचे। उन्होंने बिना देरी किए घायल चालक अजीत को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इसके साथ ही, थानाध्यक्ष ने हाईवे पर फैली पत्ता गोभी को हटवाकर बाधित यातायात को सुचारू रूप से चालू करावाया, जिससे यात्रियों को राहत सांस मिली।

## बरेली कैंट में बुलडोजर एक्शन:

# मदारियों की पुलिया से धोपेश्वर नाथ मंदिर तक चला अतिक्रमण अभियान

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** शहर के कैंट इलाके में बुधवार सुबह उस बख्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब कैंट बोर्ड की टीम ने बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। मदारियों की पुलिया से लेकर धोपेश्वर नाथ मंदिर तक सड़क किनारे बनी झुग्गियों और दुकानों पर कैंट बोर्ड का बुलडोजर गरज उठा। कुछ ही मिनटों में कई झोपड़ियां और टीनशेड ढह गए, जिससे स्थानीय लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

सूत्रों के मुताबिक, करीब आठ महीने पहले तत्कालीन सीईओ रविंद्र कुमार ने इस इलाके में 500 से अधिक अतिक्रमण चिन्हित किए थे और उन पर लाल निशान लगाए थे। जून में हुई शुरूआती कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों से झड़प भी हुई थी। लेकिन तबादले के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। अब नई सीईओ तन्नू जैन ने पद संभालते ही सख्त रुख अपनाया और अतिक्रमण मुक्त कैंट मिशन फिर से शुरू कराया। बुधवार को जैसे ही कैंट बोर्ड की टीम पुलिस बल और जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची, इलाके में हड़कंप मच गया।

कई लोगों ने जल्दबाजी में अपना सामान समेटा, जबकि कुछ ने विरोध करने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस बल की मौजूदगी में कोई बड़ा विवाद नहीं हुआ और कार्रवाई शांतिपूर्वक पूरी की गई। टीम ने झुग्गियों, टीनशेड दुकानों और अस्थायी निमार्णों को ढहा दिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस क्षेत्र में लंबे समय से लोगों ने सड़क किनारे झोपड़ियां, दुकानें और यहां तक कि टॉयलेट तक बना रखे थे, जिससे आवागमन में दिक्कत होती थी। कैंट बोर्ड सीईओ तन्नू जैन ने साफ कहा कि, कैंट क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। किसी भी सूरत में अवैध कब्जों को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई की खबर फैलते ही कई लोगों ने खुद ही अपने निर्माण हटाने शुरू कर दिए। बुधवार की इस कार्रवाई के बाद कैंट इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

## फेसबुक पर 'मिशन 2027' लिखना सिपाही को पड़ा भारी... जननायक बनने के चक्कर में एसएसपी ने किया सस्पेंड

**बरेली।** सोशल मीडिया पर 'मिशन 2027' लिखकर नेतागिरी दिखाना एक सिपाही को महंगा पड़ गया। बरेली पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी मोहम्मद आकिब को एसएसपी अनुराग आर्य ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। वह अपनी तस्वीरों के साथ खुद को ₹जननायक, समाज सुधारक, लेखक और दार्शनिक₹ बताकर लगातार पोस्ट डाल रहा था। उसकी कई पोस्ट्स पर 'मिशन 2027' लिखा हुआ था, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि इन पोस्ट्स से उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा और निष्पक्ष छवि को ठेस पहुंची है। यह आचरण सोशल मीडिया पॉलिसी-2023 का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि किसी भी पुलिसकर्मी को राजनीतिक या प्रचारात्मक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति नहीं है। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि विभागीय जांच में यह पता लगाया जाएगा कि सिपाही की पोस्ट्स का उद्देश्य क्या था और क्या उनमें किसी राजनीतिक मंशा का संकेत था।

# एनडीआरएफ ने गंगा नदी में फंसे 20 लोगों को सुरक्षित निकाला बाहर

वेलकम इडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** वाराणसी के गंगा घाट और गंगा की लहरे काशी दर्शन हेतु आने वाले सभी श्रद्धालुओं और सैलानियों को सदैव से आकर्षित करते रहे है जहां उन्हे प्राचीन आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर मिलता है इन सभी आगंतुकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एनडीआरएफ वाराणसी के बचावकार्मिक दिन रात इन घाटों पर तैनात रहते है और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया कर संकटग्रस्त जीवन की सुरक्षा करते है आज पुनः ऐसी ही घटना देखने को मिली जब ललिता घाट के सामने बीस सैलानियों को ले जा रही नाव गंगा की तेज धारा के मध्य फँस गई और अनियंत्रित हो गई।

नाव में सवार सभी सैलानी जो देश के अलग-अलग स्थानों से काशी आये हुए थे अपने जीवन को संकट में देख हाथ हिलाकर और शोर मचाकर कर मदद की गुहार लगाने लगे,उसी समय गंगा नदी में गस्त लगा रहे एनडीआरएफ बचाव कार्मिकों ने उन फंसे हुए लोगों के जीवन को संकट में देख,तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए अपनी नावों को उनके पास ले गए और उन सभी फंसे हुए बीस लोगों को सुरक्षित बाहर निकलकर ललिता घाट पर पहुंचाया।

एनडीआरएफ बचाव कार्मिकों द्वारा किए गए इस त्वरित और दक्षतापूर्ण बचाव कार्य को ललिता घाट तथा अन्य घाटों पर उपस्थित सभी लोगों ने देखा और इसकी सराहना की।

## पुलिस ने एक वाहन चोर को दो स्कूटी के साथ किया गिरफ्तार

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक थाना चेतगंज के कुशल नेतृत्व में थाना चेतगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना चेतगंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0244/2025 धारा- 303(2) बीएनएस थाना चेतगंज वाराणसी से संबंधित एक अभियुक्त विशाल विश्वकर्मा उर्फ विकी पुत्र राजकुमार विश्वकर्मा निवासी खोजवां जगन्नाथ साव बर्तन वाले के पास थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष को चोरी की दो स्कूटी के साथ 29 अक्टूबर को में पिशाचमोचन स्थित देशी शराब ठेके के पास से गिरफ्तार कर थाना चेतगंज लाया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# सिरौली निवासी आदिल सलमानी ने प्रधानमंत्री की फोटो से छेड़छाड़ कर किया फेसबुक पर वायरल




वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** थाना सिरौली क्षेत्र के कस्बा सिरौली में उस समय हड़कंप मच गया जब सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री की फोटो से छेड़छाड़ कर वायरल की गई। बताया जा रहा है कि यह पोस्ट कस्बा सिरौली निवासी आदिल सलमानी की फेसबुक आईडी से वायरल हुई है। कई लोगों ने इसे देश के सर्वोच्च पद का अपमान बताते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही थाना सिरौली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल वायरल पोस्ट की सत्यता और स्रोत की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि फोटो में छेड़छाड़ किस एप या सॉफ्टवेयर के माध्यम से की गई। थाना प्रभारी सिरौली ने बताया है कि जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर ऐसे भ्रामक और आपत्तिजनक कंटेंट फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी।

## वीडियो वायरल होने के बाद आवास के नाम पर रिश्वत लेने वाले ग्राम विकास अधिकारी पर एफआईआर

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** रामनगर से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वतखोरी का एक बड़ा मामला सामने आया है। विकास खण्ड रामनगर में तैनात ग्राम विकास अधिकारी सूरजपाल सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक महिला से दो हजार रुपए रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आते ही विभाग में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने तत्काल जांच बैठा दी और अब आरोपी अधिकारी के खिलाफ थाना आंवला में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। दरअसल इस मामले की जांच खण्ड विकास अधिकारी अमन कुमार ने सहायक अभियंता (जेईएमआई) सतेन्द्र सिंह को सौपी थी। जांच में पुष्टि हुई है कि ग्राम विकास अधिकारी सूरजपाल सिंह ने ग्राम पलथा निवासी गुड़िया पत्नी उमेश से आवास स्वीकृत कराने के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। महिला ने इस संबंध में नोटरी शपथपत्र के साथ बयान दिया और साक्ष्य के तौर पर रिश्वत लेते हुए वीडियो क्लिप भी प्रस्तुत की। जांच रिपोर्ट में यह वीडियो और शपथपत्र संलग्न किए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर खण्ड विकास अधिकारी अमन कुमार ने थाना आंवला को पत्र भेजकर आरोपी अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार और कूट रचना से संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने की संस्तुति की है।

## जीएसटी प्रवर्तन दल का तड़के डीबीओएल शुगर मिल पर छापा, मचा हड़कंप

**बरेली।** मीरगंज में स्थित डीबीओएल शुगर मिल पर बुधवार तड़के जीएसटी प्रवर्तन दल ने अचानक छापा मार दिया। इस कार्रवाई के शुरू होते ही मील परिसर और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अधिकारियों के आदेश पर फैक्ट्री के अंदर और बाहर जाने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। सूत्रों के मुताबिक, टीम सुबह करीब 5 बजे के आसपास तीन वाहनों में सवार होकर शुगर मिल पहुंची और गेट बंद कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद मेन गेट सहित सभी लिंक गेटों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई ताकि कोई भी व्यक्ति अंदर या बाहर न जा सके। इस छापे की कार्रवाई के चलते मील के कर्मचारी और अफसर अंदर ही फंसे रहे।

# सीबीगंज थाना पुलिस पर लगे गंभीर आरोप, कप्तान से हुई शिकायत

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र में ऑटो सवार एक युवक के साथ हुई लूट के मामले में पीड़ित को इंसाफ न मिलने और जेल भेजने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है पीड़ित ने थाना सीबीगंज पुलिस पर एसएससी को दिए प्रार्थना पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि इस मामले में पुलिस चारों आरोपियों को पहले ही चोरी के इल्जाम में जेल भेज चुकी है, लेकिन पीड़ित इस कार्रवाई से संतुष्ट नजर नही आ रहा है और वह थाना पुलिस की शिकायत करने एसएसपी के दरबार पहुंच गया और पुलिस पर लूट के मामले में फैसला चोरी के मामले में करने का आरोप लगा रहा है।दरअसल सीबीगंज के गांव सनैयारानी मेवाकुंवर निवासी अजय गुप्ता के मुताबिक वे दिवाली की रात अपनी ससुराल गोरखपुर से सोमवार को लौट रहे थे। जिसके बाद वे बरेली जंक्शन से एक ऑटो द्वारा अपने गांव आ रहे थे। जैसे ही ऑटो मिनी बाईपास के समीप पहुंचा कि रास्ते में खड़े चार लोगों ने उस ऑटो को रुकवाया और चारों ने सीबीगंज थाने के पास उतरने की बात कहकर उसमें बैठ गए थे। आरोप है कि ऑटो जैसे ही स्लीपर रोड की तरफ मुड़ा कि तभी चारों ने उसकी पिटाई करना शुरू कर दी थी और उसके ऊपर कंबल डालकर उसकी जेब में रखे 11 हजार रुपये और बैग लूट लिया था। पीड़ित मौका पाकर बदमाशों के चंगुल से छूटकर भाग निकला और पास ही में लेवर कालोनी में अपने तहरे भाई के घर जा पहुंचा। जिसके बाद पीड़ित अजय अपने परिजनों के साथ आटो तलाश करता हुआ उनके पास पहुंच गया था। मौके पर पहुंचे लोगों ने एक आरोपी को मौके से पकड़ लिया था। सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लिया था। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाना पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने उस शिकायती पत्र के हिसाब से रिपोर्ट दर्ज नहीं कि थी और पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके अन्य तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया था।

# चित्रकला प्रतियोगिता में आईफा मोदीनगर के छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भाजपा जिला अध्यक्ष एवं मोदीनगर विधायक द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में आईफा मोदीनगर के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। भाजपा जिला गाजियाबाद द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया थो आज विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चौधरी चैनपाल सिंह(जिला अध्यक्ष) एवं मोदीनगर विधायका डॉ. मंजू शिवाच , सुचिता सिंह( भोजपुर ब्लॉक प्रमुख ), जितेंद्र चित्तौड़ा (जिला संयोजक), भाजपा नेता प्रदीप बॉस, अमित चौधरी (जिला उपाध्यक्ष) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि चौधरी चैन पाल सिंह एवं मोदीनगर विधायिका डॉ. मंजू शिवाच एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को मेडल बनाकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया ।इस मौके पर संस्थान की मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा एवं डॉ. रुचि विद्यार्थी ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को माला पहनकर स्वागत कियो इस इस मौके पर प्रशांत झा, शीतल रानी, आभा शर्मा उपस्थिति रही।

# मोदीनगर के 50 बुजुर्ग पूर्व विधायक के सौजन्य धार्मिक स्थल की यात्रा पर रवाना



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर के 50 बुजुर्ग पूर्व विधायक के सौजन्य धार्मिक स्थल की यात्रा पर रवाना मोदीनगर के पूर्व विधायक पं0 सुदेश शर्मा के सौजन्य से वरिष्ट नागरिक संस्था से जुड़े 50 बुजुर्गो का एक प्रतिनिधिमंडल द्विदिवसीय धार्मिक स्थलों की यात्रा पर आज रवाना हुआ। वरिष्ट नागरिक संस्था के अध्यक्ष रकम सिंह दरोगा जी, संरक्षक रामेश्वर दयाल गुप्ता आदि यात्रा के संयोजक संजय गुप्ता के अनुसार बुजुर्ग जिनमें पुरूष व महिलाएं आज मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना व अन्य कई धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेंगे तथा धार्मिक मंदिरों के दर्शन कर धर्मलाभ उठाएंगे। पूर्व विधायक पं0 सुदेश शर्मा ने अपने आवास पर यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और आश्वासन दिया कि वह निकट भविष्य में शीघ्र ही अपने पिता तुल्य बुजुर्गो को अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराएंगे।

# गन्ना मूल्य वृद्धि से किसानों में खुशी की लहर: नीरज त्यागी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** योगी सरकार ने पेरई सत्र 2025-26 के लिए 30 रुपए प्रति कुंतल गन्ने के मल्य में वृद्धि कर किसानों को नई सौगात दी है।किसान मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नीरज त्यागी ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के 46.50 लाख गन्ना किसानों को सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा तोहफा दिया है. सरकार ने गन्ने के मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि की है अब अगैती प्रजाति के गन्ने का मूल्य 400 रुपए प्रति कुंतल होगा, जबकि सामान्य प्रजाति के लिए यह दर 390 रुपए प्रति कुंतल तय की गई है ।इस फैसले से राज्य के गन्ना किसानों को लगभग 3000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान मिलेगा। योगी सरकार का यह निर्णय किसानों के लिए एक बड़ा उपहार है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

नीरज त्यागी ने बताया कि किसान खुशहाल होगा तभी प्रदेश खुशहाल होगा और यह मूल वृद्धि किसान को खुशहाली की ओर ले जाने वाला एक बड़ा कदम है इस मूल्य वृद्धि से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है और वे किसानों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का क्षेत्र के किसानों की ओर से धन्यवाद अदा करते हैं।

# एक नवंबर को कलेक्ट्रेट पर होगा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का घेराव

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं के निस्तारण और डिजिटल उपस्थिति प्रणाली के विरोध को लेकर आंदोलन तेज करने की घोषणा की है। संघ के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया कि एक नवंबर को जिले के सभी शिक्षक कलेक्ट्रेट पर एकत्र होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सरकार पहले शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की पुरानी समस्याओं का समाधान करे, उसके बाद ही डिजिटाइजेशन और ऑनलाइन उपस्थिति की बात करे। शिक्षकों का कहना है कि शासन की ओर से बिना किसी संवाद और तैयारी के डिजिटल उपस्थिति लागू करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं, जिससे शिक्षकों में भारी असंतोष है। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने कहा कि शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने में अपना योगदान दे रहे हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याएं शासन स्तर पर वर्षों से लंबित हैं। शासन ने अभी तक न तो वेतन विसंगतियों, पदोन्नति, स्थानांतरण और सेवा शर्तों से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया है, न ही जुलाई में बनी कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की है। इसके बावजूद सरकार शिक्षकों पर ऑनलाइन उपस्थिति और अन्य डिजिटल प्रक्रियाओं का दबाव बना रही है, जो बिल्कुल अनुचित है। उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षकों को सहयोगी के रूप में देखना चाहिए, न कि उन पर दंडात्मक कार्रवाई का भय दिखाकर नए आदेश लागू करने चाहिए। यदि शासन वास्तव में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना चाहता है, तो पहले शिक्षकों के हितों की अनदेखी बंद करनी होगी। शिक्षक हमेशा विभागीय और सामाजिक कार्यों में सहयोग करते रहे हैं, चाहे वह चुनाव हों, जनगणना हो या आपदा राहत कार्य। संघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि यदि शासन ने समय रहते शिक्षकों की समस्याओं पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक एकजुट हैं और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाते रहेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक नवंबर को सभी शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे, जिसमें यह मांग की जाएगी कि शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के बाद ही डिजिटाइजेशन या ऑनलाइन उपस्थिति लागू की जाए।

# सांसद मानहानि प्रकरण में अदालत ने आदेश सुरक्षित रखा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा द्वारा भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान सांसद अतुल गर्ग पर लगाए गए आरोपों के मामले में अब अदालत का निर्णय 4 नवंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया गया है।

इस बहुचर्चित सांसद मानहानि प्रकरण में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गाजियाबाद के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने आदेश सुरक्षित किया है। अब पूरे जिले की निगाहें अदालत के फैसले पर टिकी हैं। यह मामला वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उस समय सुर्खियों में आया था, जब कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने भाजपा नेता पवन गोयल के नाम से कथित एक पत्र दिखाते हुए अतुल गर्ग को भूमाफिया बताया था। यह बयान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में व्यापक रूप से प्रकाशित हुआ था, जिससे चुनावी माहौल में हलचल मच गई थी। अपनी साख और छवि को ठेस पहुंचने के बाद सांसद अतुल गर्ग ने डोली शर्मा व अन्य संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया। मामले की जांच पुलिस को सौंपी गई, जिसमें महत्वपूर्ण खुलासे हुए। जांच रिपोर्ट के अनुसार जिस पत्र का हवाला डोली शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिया था, उसमें अतुल गर्ग का नाम कहीं भी दर्ज नहीं था। पुलिस जांच के दौरान भाजपा नेता पवन गोयल ने अपने बयान में स्पष्ट कहा कि उन्होंने ऐसा कोई पत्र न तो कभी लिखा और न ही किसी को दिया।

# लोनी में अवैध गैस रिफलिंग का बड़ा भंडाफोड़, जिला पूर्ति अधिकारी की तत्परता ने रोकी बड़ा हादसा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी तहसील में मंगलवार देर शाम को अवैध गैस रिफलिंग का एक बड़ा मामला सामने आया, जिसे पुलिस और आपूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई ने रोक दिया। मामला सोनू होटल के पास थाना ट्रोनिकासिटी क्षेत्र का है, जहां सूचना मिली कि एचपीसी बोटलिंग प्लांट लोनी से एलपीजी कैप्सूल को मैजिक वाहन में रखे 28 कॉमर्शियल सिलेंडरों में अवैध रूप से भरा जा रहा है।इस गंभीर मामले में जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी की सक्रियता और तत्परता ने समय रहते अवैध गतिविधि का भंडाफोड़ किया। उन्होंने पुलिस और आपूर्ति विभाग की टीम को निर्देशित किया कि अवैध गैस रिफलिंग में शामिल वाहन और सिलेंडर तत्काल थाना ट्रोनिकासिटी लाए जाएं और घटनास्थल की पूरी जांच की जाए। अमित तिवारी ने खुद मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की निगरानी की और सुनिश्चित किया कि सभी कानून सम्मत कदम उठाए जाएँ। जांच के दौरान यह सामने आया कि मैजिक वाहन और एलपीजी कैप्सूल के वाहन चालक ने कैप्सूल की सील तोड़कर कॉमर्शियल सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस भरी थी। इस कार्य में चालक श्री सुखदेव सिंह और मैजिक वाहन का अज्ञात चालक, साथ ही हॉकर शिवा और सुंदर पता खोड़ा शामिल पाए गए। जांच पूर्ण होने के बाद थाना हाजा में एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया और सभी आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने इस कार्रवाई की सख्ती और प्रभावशीलता को उच्च स्तर पर सुनिश्चित किया और बताया कि अवैध गैस रिफलिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भारत के सर्वोच्च न्यायालय का शैक्षणिक भ्रमण: लॉ विद्यार्थियों ने समझी न्याय की परंपरा और प्रक्रिया

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज द्वारा विधि के विद्यार्थियों के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय का एक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को देश की न्यायिक व्यवस्था की गहराई से समझ प्रदान करना और उन्हें भारत की सर्वोच्च न्यायिक संस्था के वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। यह भ्रमण सुश्री आकांक्षा सिंह और सुश्री इसमत हिना के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को सुप्रीम कोर्ट में चल रही एक महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला। छात्रों ने देखा कि न्यायालय में किस प्रकार तर्क–वितर्क प्रस्तुत किए जाते हैं, किस तरह जज विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हैं और निर्णय प्रक्रिया किस तरह आगे बढ़ती है। इस अनुभव से विद्यार्थियों ने जाना कि न्यायिक विवेचना, कानून की व्याख्या और संविधान की रक्षा में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है। छात्रों ने बताया कि अदालत के वातावरण में बैठकर कार्यवाही को देखना उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। उन्होंने महसूस किया कि किताबों में पढ़ी गई न्यायिक प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखना एक बिल्कुल अलग और गहन अनुभव है। यात्रा के दौरान छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट लाइब्रेरी का भ्रमण किया।

# मेरठ रोड इंडस्ट्रियल एरिया की छठ वाटिका में धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना के महापर्व छठ की छटा मेरठ रोड इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्टर-22 स्थित सुभाष चंद बोस पार्क में देखने लायक थी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने परंपरागत विधि-विधान के अनुसार डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और महिलाएं अपने बच्चों के कल्याण हेतु व्रत का पालन करती नजर आईं। छठ वाटिका के नाम से प्रसिद्ध इस पार्क में पूर्वांचल आदर्श जन कल्याण समिति (पंजीकृत) द्वारा छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया गया। रात में माता रानी का जागरण और सुबह के समय प्रसाद वितरण से कार्यक्रम और भी भव्य बना। इस आयोजन में यूपीसीडा के उपमहानिदेशक रघुनन्दन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि मैनेजर श्री ब्रह्म सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक और पूर्वांचल आदर्श जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सियाराम सिंह यादव ने इस विशेष अवसर पर पूरे इंडस्ट्रियल एरिया और विशेष तौर पर छठ वाटिका की साफ-सफाई के लिए राजगंगा एक्सप्रेस की टीम का मंच पर फूल मालाओं से स्वागत करते हुए टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। आयोजन समिति ने इस सॉलिड कचरा प्रबंधन कार्य को करने वाली टीम को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। चारों ओर गूंजते छठ गीतों के बीच सुभाष चंद बोस पार्क का परिसर आज आस्था और श्रद्धा के रंग में रंगा हुआ था। सुबह से ही श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक व्रत और उपवास की तैयारियों में लगी थीं।

# 9 नवंबर को होगा 27वां अखिल भारतीय ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आगामी 9 नवंबर को गाजियाबाद में 27वां ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं और अब तक देशभर से 400 से अधिक युवक-युवतियां अपना पंजीकरण करा चुके हैं। समाज में वैचारिक एकता, पारिवारिक समरसता और वैवाहिक संबंधों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह सम्मेलन पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान महासभा के जिलाध्यक्ष पं. जयनंद शर्मा और महानगर अध्यक्ष पं. सुभाष शर्मा ने बताया कि अब तक लगभग 245 युवक और 165 युवतियां पंजीकरण करा चुकी हैं। पंजीकरण प्रक्रिया जारी है और 2 नवंबर तक इसकी अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। आयोजकों का अनुमान है कि अंतिम तिथि तक यह संख्या 500 से अधिक पहुंच जाएगी। पंजीकरण पूर्ण होने के बाद प्रत्येक प्रतिभागी को परिचय पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी।

# नोएडा प्राधिकरण पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन हुआ शुरू

वेलकम इंडिया



**कपिल कुमार (गौतमबुद्ध नगर)** भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि आज से नोएडा प्राधिकरण पर भारतीय किसान यूनियन मंच का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन हो गया है। आज के धरने की अध्यक्षता अनुप निर्वाण ने की और मंच संचालन सुनील भाटी ओर आशीष चौहान ने किया। आज दोपहर लगभग 1 बजे हरौला बारात घर से पैदल मार्च करते हुए 81 गांव के किसान नोएडा प्राधिकरण सेक्टर 6 धरना स्थल पर पहुंचे जहां पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा रखी थी किसानों ने बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और नोएडा प्राधिकरण के स्वागत कक्ष के सामने चौराहे पर बैठ गए जहां पर पुलिस प्रशासन और किसानों के बीच की नोक झोंक भी हुई। लगभग 3 बजे नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर , अरविन्द कुमार ओर एसीपी प्रवीण कुमार किसानों के बीच प्राधिकरण के अधिकारियों से प्राधिकरण के अंदर वार्ता करने का प्रस्ताव लेकर किसानों के बीच पहुंचे जिसे किसानों ने खारिज कर दिया किसानों ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण का कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर ही आए और किसानों के कौन-कौन से कम किए हैं या कर रहे हैं किसानों के बीच पंचायत में ही सबके सामने बताया जाए इसके बाद अधिकारी वापस नोएडा प्राधिकरण लौट गए ।

नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर, अरविंद कुमार, से किसानों से सभी बिंदुओं पर जवाब मांगा भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने सवाल जवाब किये और सवाल जवाब का यह क्रम लगभग 40 मिनट तक चला किसानों को अधिकारियों ने कोई भी ठोस जवाब नहीं दे दिया ? जिससे नाराज होकर किसानों ने निर्णय लिया के अब वार्ता केवल नोएडा प्राधिकरण के चैयरमेन दीपक कुमार से की जाएगी अन्य किसी भी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी से कोई वार्ता नहीं की जाएगी नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम किसानों के बीच नहीं पहुंचे जिससे किसानों में भारी रोज है। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान ने अधिकारियों से कहा कि जब तक किसानों के सभी मुद्दे हल नहीं हो जाएंगे तब तक नोएडा प्राधिकरण के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी, एल आई यू और पुलिस प्रशासन के उच्च नोएडा प्राधिकरण के चैयरमेन दीपक कुमार से किसानों की मीटिंग करायी जाए नोएडा प्राधिकरण जमीनी हकीकत पर कार्य करना शुरू करें इस बार केवल आश्वासन पर धरना समाप्त नहीं होगा। इस अवसर पर सूरज प्रधान, सुरेंद्र प्रधान प्रमोद त्यागी डीपी चौहान गौतम लोहिया विक्रम यादव सुरेश त्यागी रोहतास चौहान मीडिया प्रभारी अशोक चौहान मंविनदर भाटी, सुनील भाटी,वीर सिंह टाइगर कृष्ण भडाना, श्याम सिंह चौहान गजेंद्र बैसोया योगेश भाटी विमल त्यागी आशीष चौहान राहुल पवार सोनू लोहिया उदय चौहान फिरे चौहान उमंग शर्मा अमित बैसोया रिंकू यादव सरजीत खारी मुनेश प्रधान, भंवर सिंह चौहान कंवरपाल चौहान अभिषेक चौहान सहित हजारों किसान व महिला धरना प्रदर्शन में शामिल हुए

## चंद्रास्वामी के जन्मदिन पर विशेष

# मैंने बहुत से लोगों को समय रहते रंग बदलते देखा है ! लोगों को अपनी असलियत दिखाते हुए या अपने स्वार्थ के लिए धोखा देते हुए देखा है: बीके शर्मा हनुमान

वेलकम इंडिया







**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि मुझे 20-25 वर्ष विश्व के सबसे बड़े तांत्रिक चंद्रास्वामी के साथ रहने का अवसर प्राप्त हुआ था चंद्रास्वामी उनका असली नाम नहीं है। उनका नाम नेमीचंद जैन है और उनका जन्म राजस्थान के अलवर जिले के बहरोड़ कस्बे में हुआ था। चंद्रा स्वामी का जन्म गोपाष्टमी 1948 में हुआ था। वे अपने पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। कुछ समय बाद वे अपने पिता के साथ हैदराबाद चले गए। इसके बाद नेमीचंद कांग्रेस से जुड़े तब पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के अध्यक्ष थे। इस दौरान उनका राव से सम्पर्क हुआ। उन्हें आंध्रप्रदेश कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। इसके बाद एक दिन अचानक नेमीचंद गायब हो जाते है और फिर कुछ साल बाद चंद्रास्वामी बन कर लौटे। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने नेपाल के जंगलों में तपस्या की। इस दौरान वे अमरमुनि नामक एक साधु के संपर्क में आ गए। उनके शिष्य बने और तंत्र साधना में रम गए। इसके बाद तांत्रिक के तौर पर उनकी देश-विदेश में पहचान बनी। चंद्रस्वामी सबसे पहले तब चर्चा में आए जब राजीव गांधी सरकार में मंत्री नरसिम्हा राव के ज्योतिष सलाहकार के तौर पर उन्हें जाना जाने लगा, बाद में नरसिंह राव पीएम बन गए। उन्हें इंदिरा गांधी ने कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया में विश्व धर्मायतन संस्थान आश्रम बनाने के लिए जमीन दी थी। दुनिया की जानी मानी हस्तियों के वे सलाहकार रहे। इस लिस्ट में ब्रुनेई के सुल्तान, ब्रिटेन की पीएम मार्गेट थ्यैचर और हॉलीवुड एक्ट्रेस एलिजाबेद टेलर जैसी हस्तियां शामिल थीं। चंद्रास्वामी एक तांत्रिक थे और भारतीय राजनीति के सबसे विवादास्पद किरदारों में से एक थे। 23 मई 2017 को 66 साल की उम्र में उनकी मौत हो गई थी। एक समय में चंद्रास्वामी का कई देशों की सरकार के ताकतवर लोगों के साथ उठना-बैठना था और इसके लिए वह सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में मशहूर थे। कहते हैं कि वह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव के सबसे नजदीकी सलाहकारों में से एक थे। हालांकि उनपर राजीव गांधी की हत्या के षड्यंत्र में शामिल होने का भी आरोप लगा था। यानी कुल मिलाकर वह जितने मशहूर थे, उतने ही विवादास्पद भी थे। विवादों से उनका पुराना नाता था और कहते हैं कि इस वजह से उन्हें एक मामले में जेल की हवा भी खानी पड़ी थी। चंद्रास्वामी ने कोई शिक्षा हासिल नहीं की थी, बल्कि बचपन से ही उनकी दिलचस्पी तंत्र साधना में हो गई थी और 16 साल की उम्र में वे तांत्रिक भी कहलाने लगे थे। 90 के दशक में चंद्रास्वामी का नाम सुर्खियों में तब आया था, जब पीवी नरसिम्हाराव साल 1991 में देश के प्रधानमंत्री बने थे। उनका प्रधानमंत्री से सीधा संपर्क था और कहते हैं कि उन्हें पीवी नरसिम्हाराव से मिलने के लिए कभी अप्वाइंटमेंट लेने की जरूरत नहीं पड़ी। लंबी बाल-दाढ़ी रखे, पीले वस्त्र और रुद्राक्ष की माला पहने चंद्रास्वामी का अलग ही प्रभाव था। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रसिद्ध इतिहासकार पैट्रिक फ्रेंच ने 'इंडिया- ए पोर्ट्रेट' में लिखा है, 'चंद्रास्वामी मे दूसरों के दिमाग को जीतने का हुनर था।' कहते हैं कि चंद्रास्वामी न तो अंग्रेजी पढ़ पाते थे, न लिख पाते थे और न ही बोल पाते थे, लेकिन दुनिया के कई देशों के ताकतवर लोगों पर उनका खासा प्रभाव था, खासकर राजनेताओं पर। इसमें ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर का नाम भी शामिल था। पूर्व विदेश मंत्री कुंवर नटवर सिंह ने अपनी पुस्तक 'वॉकिंग विद लायंस' में लिखा है कि चंद्रास्वामी ने मार्गरेट थैचर के ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनने की भविष्यवाणी की थी, जो बाद में सच भी साबित हुई थी। चंद्रास्वामी ने भविष्यवाणी की थी कि मार्गरेट थैचर 9, 11 या 13 साल के लिए ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनेंगी। उनकी यह बात सच साबित हुई और थैचर साल 1979 में प्रधानमंत्री बन गईं और साल 1990 तक 11 साल के लिए प्रधानमंत्री के पद पर रहीं। 1979-80 में वह एक बार पेरिस में बीमार पड़ गए थे। उस समय चंद्रास्वामी फ्रांसीसी राष्ट्रपति के निजी फिजिशयन के साथ उनसे मिलने आए थे। यह देखकर नटवर सिंह तो पहले से ही सकते थे, लेकिन उन्हें और भी हैरानी तब हुई जब चंद्रास्वामी ने उनसे कहा कि वे सीधे यूगोस्लाविया से फ्रांस के राष्ट्रपति से मिलने आए हैं। उन्होंने उन्हें लेने के लिए अपना निजी विमान भेजा था।

## राजनगर एक्सटेंशन बनेगा गड्ढा मुक्त क्षेत्र, जीडीए ने शुरू किया अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शहर के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र राजनगर एक्सटेंशन की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का अभियान प्रारंभ कर दिया है। हाल ही में हुई बरसात के दौरान क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय निवासियों को काफी असुविधा हो रही थी, जिसके मद्देनजर प्राधिकरण ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मरम्मत कार्य तेजी से शुरू कर दिए हैं। बरसात के बाद सड़कों की जर्जर स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों और निजी डेवलपर्स ने लगातार जीडीए से शिकायतें दर्ज कराईं थीं। इन शिकायतों पर प्राधिकरण के डिवीजन अनुभाग ने तुरंत संज्ञान लिया और क्षेत्र की सभी मुख्य सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। मरम्मत का कार्य फिलहाल के.डब्ल्यू. सृष्टि रोड, आशियाना चौक से ऑफिसर्स सिटी तक की 45 मीटर रोड, पिपलेश्वर मंदिर से अग्रवाल हाइट रोड समेत 24, 30 और 45 मीटर चौड़ी अन्य सड़कों पर चल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों के भीतर सभी सड़कों को पूरी तरह से गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। सिर्फ सड़क मरम्मत ही नहीं, बल्कि जहां आवश्यकता है वहां डिवाइडर की मरम्मत, टाइलों की सफाई और पेंटिंग का कार्य भी साथ-साथ कराया जा रहा है।

## महापौर सुनीता दयाल ने किया 5 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर के विकास की रफ्तार लगातार तेजी पकड़ रही है। इसी क्रम में बुधवार को महापौर सुनीता दयाल ने ट्रांस हिण्डन क्षेत्र एवं कविनगर जोन में लगभग पाँच करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर स्थानीय जनता ने महापौर का भव्य स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि लंबे समय से उपेक्षित सड़कों के पुनर्निर्माण से क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और विकास की यह नई शुरूआत शहर को नई दिशा देगी। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि नगर निगम का प्रमुख दायित्व शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सड़क, नाली और जल निकासी जैसी सुविधाएं जनता का अधिकार हैं और नगर निगम की जिम्मेदारी भी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि गाजियाबाद को एक स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाया जाए। जिन सड़कों की आज आधारशिला रखी गई है, वे लंबे समय से जर्जर हालत में थीं और बारिश के मौसम में जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। अब उच्च गुणवत्ता के साथ इनका निर्माण कराया जाएगा ताकि नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा मिले। महापौर ने यह भी कहा कि शहर में विकास की गाड़ी भाजपा सरकार में ही लगातार आगे बढ़ी है और आगे भी इसी रफ्तार से बढ़ती रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और यदि जनता को किसी प्रकार की समस्या दिखे तो तुरंत उन्हें या संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि यह सभी कार्य 15वें वित्त आयोग की धनराशि से स्वीकृत किए गए हैं और जल्द ही निर्माण कार्य गति पकड़ेगा। कविनगर आई ब्लॉक, वसुंधरा, सूर्य नगर, राजेन्द्र नगर और मोहन नगर क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण से लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। शिलान्यास के दौरान पूरे क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहा। स्थानीय निवासियों और पार्षदों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि इन सड़कों के बनने से क्षेत्र की सूरत बदल जाएगी। इस अवसर पर पार्षद प्रतिमा शर्मा, शशि खेमका, राहुल शर्मा, राजू शर्मा, वाई.के. जैन, सुभाष बंसल, संतोष कुमार, एम.एल. गर्ग, प्रवीण गर्ग, पारुल अग्रवाल, मनोज बोहरा, भूषण सिंह चौहान (मंडल अध्यक्ष), भूपेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम सिंह लोधी, चंद्रकांत गुप्त, बबलू पांडे, राजकुमार गोस्वामी, संजय कुमार और सुनील बंसल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। महापौर सुनीता दयाल ने अंत में कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

## पुलिस मुठभेड़ में टप्पेबाज गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने एक साहसिक कार्रवाई में टप्पेबाजी और चोरी की घटनाओं में शामिल तीन अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 11,000 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड, तीन अवैध तमंचे, तीन जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस 315 बोर के बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, बीती रात कोतवाली नगर क्षेत्र में गश्त के दौरान सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति चोरी और टप्पेबाजी की घटनाओं में शामिल हैं और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर अभियुक्तों को दबोचने का प्रयास किया। खुद को घिरा देखकर आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

## जिलाधिकारी की जनसुनवाई में प्रार्थियों को आश्वासन, अधिकारियों को मिले निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा प्रतिदिन की तरह बुधवार को आयोजित जनसुनवाई में इस बार भी नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर अपनी समस्याओं और शिकायतों को रखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थी की बात को ध्यानपूर्वक सुना और समझते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का समाधान गुणवत्ता के साथ किया जाएगा।

जिलाधिकारी की इस सक्रिय जनसुनवाई में नगर निगम, पुलिस विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्रार्थनाएँ और शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रार्थियों से यह भी जाना कि क्या उन्होंने पहले कभी इसी विषय में प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और सभी का समाधान शीघ्र एवं प्रभावी रूप से किया जाएगा। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आई सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य मामलों का निरीक्षण किया जाए और शिकायतों का समाधान करने के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना भी अनिवार्य होगा। जनसुनवाई के दौरान एक युवक ने करंट लगने से जलने के मामले में मदद और मुआवजे की गुहार लगाई। पीड़ित ने बताया कि करंट लगने से उसके शरीर का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया है और उसका ईलाज चल रहा है। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर मुआवजा देने का निर्देश दिया, साथ ही मुख्यमंत्री सहायता निधि और रेड क्रॉस के माध्यम से भी मदद सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि इलाज और आवश्यक सहायता में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। जिलाधिकारी की इस सक्रियता और तत्परता से नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास और बढ़ा है। उनकी जनसुनवाई ने साबित किया कि शिकायत निवारण प्रक्रिया में पारदर्शिता, तत्परता और गुणवत्तापूर्ण समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## एलुमनाई लेक्चर में छात्रों ने सीखी प्राइवेट प्रैक्टिस की बारीकियाँ

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज मुरादनगर में बुधवार को एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक एलुमनाई लेक्चर का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में कॉलेज की पूर्व छात्रा और प्रसिद्ध प्रोस्थोडॉन्टिस्ट डॉ. नैना तलवार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। लेक्चर का विषय था ब्रिजिंग द गैपः फ्रॉम डेंटल स्कूल टू रियल वर्ल्ड प्रैक्टिस। इस कार्यक्रम में बी.डी.एस. पाठ्यक्रम के 150 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## गन्ना मूल्य वृद्धि पर किसानों में खुशी की लहर, मुख्यमंत्री योगी का स्वागतयोग्य निर्णय, जयंत चौधरी की पहल लाई रंग

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना किसानों को राहत देने के लिए उठाए गए कदम का पूरे प्रदेश में स्वागत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2025-26 पेराई सत्र के लिए गन्ने की कीमत में 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की है। सरकार के इस फैसले के अनुसार अब अगैती किस्म के गन्ने का मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल और सामान्य किस्म का मूल्य 390 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इस निर्णय पर किसानों और किसान संगठनों में खुशी की लहर है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक) इंद्रजीत सिंह टीटू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत चौधरी दोनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में एक ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने जयंत चौधरी की बातों पर गंभीरता से विचार कर किसानों के हक में जो फैसला लिया है, वह निश्चित रूप से गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को लेकर डीएम ने ली बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं सभी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने पुनरीक्षण कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा और गतिविधियों का विवरण साझा किया। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य चरणबद्ध तरीके से संपन्न होगा। इसमें तैयारी एवं प्रशिक्षण कार्य 28 अक्तूबर से 3 नवम्बर 2025 तक होंगे। मतदाता गणना की अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक होगी। मतदान केंद्रों का पुनर्गठन एवं संतुलन 4 दिसम्बर तक किया जाएगा। नियंत्रण तालिका अद्यतन एवं प्रारूप मतदाता सूची तैयार करना 5 से 8 दिसम्बर तक किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को होगा। दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराने की अवधि 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। जांच, सुनवाई और निस्तारण कार्य 9 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक पूरा किया जाएगा। अंतिम प्रकाशन हेतु अनुमति और सूची की जांच 3 फरवरी 2026 तक संपन्न होगी और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 29,62,076 मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। प्रत्येक बूथ स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। बी.एल.ओ. प्रत्येक मतदाता को पूर्व मुद्रित गणना प्रपत्र दो प्रतियों में प्रदान करेंगे और उन्हें सही प्रकार से भरने में मार्गदर्शन करेंगे।